प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update

uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-59 | मथुरा, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# हाईस्कूल में योगेश, इंटर में काजल जिला टॉपर



जिला कारागार में निरुद्ध बंदी युवक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद प्रफुल्लित मुद्रा में।



केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड के परीक्षा फल को देखकर खुशी में उछलती छात्राएं।



केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड के परीक्षा फल को देखने के बाद विक्ट्री चिह्न बनाती छात्राएं।



हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला श्रीकृष्णचंद गांधी एसवीएम इंटर कॉलेज के छात्र योगेश कुमार।



श्रीकृष्णचंद गांधी एसवीएम इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा का परीक्षा फल देख खुशी में उछलते छात्र।

## हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद प्रदेश में तीसरे, इंटर में 64 वें स्थान पर

### यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परिणाम देखकर सफल हुए छात्र–छात्राएं खुशी से उछल पड़े। हाईस्कूल में जनपद का तीसरा स्थान और इंटरमीडिएट में जनपद 64 वें स्थान पर रहा। इस बार हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम में 94.64 प्रतिशत और 12 वीं में 76.97 प्रतिशत छात्र–छात्राओं को सफलता मिली है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि 10 वीं कक्षा में मथुरा जिले से 34983 छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया था।

इनमें से 32311 छात्र–छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। 2672 छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराने के बाद परीक्षा नहीं दी, जो छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, उनमें से 30567 परीक्षार्थी पास हुए हैं। इस तरह जिले का ओवरऑल प्रतिशत 94.60 रहा है। प्रदेश में मथुरा तीसरे स्थान पर रहा। जबकि 12 वीं की परीक्षा में मथुरा जिले में 37497 छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 36895 छात्र–छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। 602 छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराने के बाद परीक्षा नहीं दी। जो छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, उनमें से 28398 परीक्षार्थी पास हुए हैं। इस तरह जिले का ओवर ऑल प्रतिशत 76.97 रहा है। प्रदेश में मथुरा की रैंक 64 वीं रही।

हाईस्कूल में केसीजीएसवीएम इंटर कॉलेज माधव कुंज मथुरा के छात्र योगेश कुमार ने 600 में 558 (93 प्रतिशत) अंक प्राप्त करके जनपद में प्रथम, भिक्की सिंह प्रधान इंटर कॉलेज छौली बलदेव की छात्रा हेमा ने 557 (92.83 प्रतिशत)अंक द्वितीय, श्री आरसीएच छौली बलदेव के विवेक ने 556 (92.67 प्रतिशत) अंक लेकर तृतीय, मां रघुवीरी देवी इंटर कॉलेज विसावली राया के कनिष्का पचाहरा और श्रीमती शांति देवी हायर सेंकेंड्री स्कूल जुगसना दोनों ने 552(92 प्रतिशत)अंक लेकर चौथा, डीडीडी आर इंटर कॉलेज सुरीर की उमा गौतम, केसीजीएसवीएम इंटर कॉलेज माधव कुंज मथुरा के रूद्रांश, कुंदन लाल हरीराम हायर सेकेंड्री स्कूल भिदौनी के अंशुल कुमार, एसआरएम पब्लिक हायर सेकंड्री स्कूल चंदन पुरा खुर्द के तुषार चौधरी 551(91.83 प्रतिशत) अंक लेकर पांचवां स्थान, आकाश सारस्वत 550(91.67 प्रतिशत) लेकर छटवां स्थान, श्रीराधा बिहारी इंटर कॉलेज बरसाना के गणेश अग्रवाल और श्रीमती शांति देवी हायर सेंकेंडरी स्कूल जुगसना शुभि चौधरी 549 (91.50 प्रतिशत) अंक लेकर सातवां, श्री राधा किशन इंटर कॉलेज उस्फार के कप्तान सिंह और श्री ब्रज शिक्षा सदन हायर सेंकेड्री स्कूल बाजाना के साहिद खान ने 548(91.33 प्रतिशत) आठवां, डॉ. केसी इंद्रपाल सिंह इंटर कॉलेज हवेली खिरारी की तनु, केसीजीएसवीएम इंटर कॉलेज माधव कुंज मथुरा के रौनित, सौरभ यादव और श्रीमती शांति देवी हायर सेंकेंड्री स्कूल जुगसना हेमंत कुमार 547 (91.17 प्रतिशत) अंक लेकर नौवां, डॉ. चरन लाल सारस्वत इंटर कॉलेज जे धाम सौंख की भारती सारस्वत, सुभाष आदर्श इंटर कॉलेज मानागढी मथुरा के प्रताप सिंह ने 546(91 प्रतिशत) अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया।

इंटर मीडिएट में बलभद्र इंटर कॉलेज बलदेव की छात्रा काजल ने 500 में से 460 (92 प्रतिशत) अंक प्राप्त करके प्रथम, एएसएस इंटर कॉलेज केहरी गढ़ी के नितिन ने 500 में से 451(90.20 प्रतिशत) अंक लेकर द्वितीय, बीकेजीएस इंटर कॉलेज परखम के कृष्णा झा ने 449(89.80 प्रतिशत) अंक लेकर तृतीय, महाराजा अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा आईसा कुरैशी ने 448(89.60 प्रतिशत) अंक लेकर चौथा, डॉ. के. पाल सिंह इंटर कॉलेज हवेली खिरारी राया के प्रशांत सारस्वत ने 447(89.40 प्रतिशत) अंक लेकर पांचवां, एसबीएस इंटर कॉलेज खेरिया नीवगांव मांट के गगन चौधरी ने 446(89.20 प्रतिशत) अंक लेका छटवां, भिक्की सिंह प्रधान इंटर कॉलेज कंजौली घाट मथुरा के विपिन कुमार और श्री हरी आदर्श इंटर कॉलेज कोसी खुर्द के युवराज दोनों ने 443(88.60 प्रतिशत) सातवां, एसपीएस इंटर कॉलेज सौंसा शाहपुर के आकाश ने 440 (88 प्रतिशत) अंक लेकर आठवां, महाराज अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा की हर्षिता वर्मा 439 (87.80 प्रतिशत) अंक लेकर नौवां और श्री चमेली देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा की छात्रा राधा चौहान ने 438(87.60 प्रतिशत ) अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया।

## 12 बजते ही मोबाइल से चिपक गए छात्र–छात्राएं

यूपी बोर्ड ने दोपहर 12:30 बजे परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की घोषणा की थी। सुबह से ही छात्र–छात्राओं और उनके अभिभावकों की धड़कनें बढ़े लगी थीं। दोपहर 12 बजे से ही छात्र–छात्राएं ही नहीं उनके अभिभावक भी मोबाइल लेकर बैठे रहे। जिनके यहां लैपटॉप या कम्पयूटर थे, वे कम्पयूटर और लैपटॉप खोलकर परिणाम जानने को उत्सुक रहे। जैसे ही रिजल्ट आया उनकी धड़कनें और बढ़ गई। जो छात्र–छात्राएं पास हुए, वे उछल पड़े और उनके घर में जश्न का शोर मचने लगा। इसके बाद अपने दोस्तों को फोन कर उनके परिणाम जानना शुरू हो गया।

## जेल के 10 बंदी उत्तीर्ण हुए बोर्ड परीक्षा में

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा के लिए जेल में निरूद्ध 7 बंदियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 6 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जिसका 85.71 प्रतिशत रहा। जबकि इंटर मीडिएट की परीक्षा के लिए पांच छात्रों ने पंजीकरण कराया जिसमें से चार छात्र उत्तीर्ण हुए। जिसका प्रतिशत 80 रहा। वर्तमान में 06 छात्र ही जेल में निरुद्ध हैं जबकि चार छात्रों की जमानत हो चुकी है। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निर्देशन में शिक्षा अध्यापक सुलेंद्र चौधरी ने 5 बंदी हाईस्कूल एवं 4 बंदी इण्टरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुए।

### बंदी सुनील हाईस्कूल में हुआ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

### हाईस्कूल में 6 व इंटर में 4 हुए सफल

सभी बंदी उत्तीर्ण हुए। जिसमें से बंदी सुनील पुत्र एदल सिंह हाईस्कूल में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। जबकि मौ. आबिद पुत्र जब्बीर, रतन सिंह पुत्र रोशन लाल, श्याम सुंदर पुत्र ओमप्रकाश, सुंदर लाल पुत्र रघुवीर सिंह द्वितीय श्रेणी, इंटर मीडिएट में राम अवतार पुत्र दुर्गा प्रसाद, राजकुमार बुद्ध पुत्र कुंवर पाल सिंह द्वितीय श्रेणी, हरवेश कुमार पुत्र मुखत्यार सिंह तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

## इंजीनियर बनना चाहता है योगेश

**यूनिक समय, मथुरा।** हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान हासिल करने वाले योगेश का सपना इंजीनियर बनना है। इसके लिए वह और सख्त मेहनत करेगा। योगेश ने बताया कि वह कृष्ण चंद गांधी सरस्वती विद्या मंदिर माधव कुंज में पढ़ाई करता है। पढ़ाई में उसे स्कूल के शिक्षकों का भी सहयोग मिला। उसने बताया कि पढ़ाई के दौरान उसने सोशल मीडिया से दूरी बना कर रखी। सोशल मीडिया का प्रयोग उसने सिर्फ पढ़ाई के लिए किया। यूट्यूब के माध्यम से उसने कठिन प्रश्नों के उत्तर तलाशे।

## डिप्टी सीएम पहुंचे बांकेबिहारी के दरबार में

**यूनिक समय, वृंदावन।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने हाथ जोड़कर और आंख बंद ठाकुर बांकेबिहारी महाराज से प्रदेश में शांति बनाए रखने की प्रार्थना की।

## राधानिवास में पानी का संकट

**यूनिक समय, वृंदावन।** राधा निवास क्षेत्र के लोग जलापूर्ति के बिगड़ते हालातों से परेशान हैं। कई दिनों से पीने का पानी को तरस गए हैं। उन्होंने आज पानी न मिलने पर अपने गुस्से का इजहार किया।

### भाजपा नेता हेमेंद्र गर्ग की हत्या का खुलासा

# पुलिस ने हत्या के आरोप में दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के जाते ही पुलिस ने भाजपा एवं व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग की हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि थाना गोविन्दनगर पुलिस टीम ने पूछताछ के बाद अभियुक्त योगेश व राजन पुत्र विशम्बर नाथ निवासी सीपी टू, बीएसए कॉलेज कृष्णा विहार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखकर, सीडीआर व मोबाइल लोकेशन व अन्य इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य के आधार पर घटना का अनावरण किया। 23 अप्रैल की



भाजपा नेता हेमेंद्र गर्ग की हत्या का खुलासा कर पकड़े गए दो आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार।

रात्रि में घटित हत्या की घटना में वादी राजेन्द्र कुमार गर्ग निवासी पंचवटी कॉलोनी सरस्वती कुण्ड ने अपने भाई हेमेन्द्र गर्ग की हत्या के सम्बन्ध में अज्ञात लोगों के खिलाफ पंजीकृत कराया था। हत्या के अभियोग में प्रकाश में मास्टर माइंड अभियुक्त योगेश व राजन के नाम आए थे। दोनों ने पुलिस को भाजपा नेता हेमेंद्र गर्ग की हत्या के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। हत्या के पीछे जमीन का मामला प्रकाश में आया। पुलिस हत्या को अन्जाम देने वाले दो और लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस टीम में थाना गोविंद नगर प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह, सर्विलांस प्रभारी विकास कुमार, एसओजी प्रभारी राकेश यादव एवं स्वाट टीम प्रभारी सोनू भाटी के अलावा कई और उप निरीक्षक और सिपाही शामिल थे।







# मकान खाली कराने के लिए महिला से मारपीट

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने ही परिवार पर घर खाली कराने के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसका मेडिकल भी नहीं कराया। चौबिया पाड़ा में रहने वाली एक महिला ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि नगला पाइसा में रहने वाला अनिल कल उस समय घर में घुस आया जब वह झाड़ू लगा रही थी। अनिल ने महिला के साथ मारपीट की और पैर खींच कर उसे कमरे में ले गया। महिला के साथ मारपीट की और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। महिला का कहना है कि अनिल उससे व परिवार से घर को खाली कराना चाहता है। उसका कहना है कि पांच लाख रुपये देकर घर खाली करके निकल जाओ नहीं तो परिवार और पति को जान से मार देगा। महिला का पति जजमानी करता है और उसके

### पांच लाख रुपये भी मांगे गए

### पुलिस ने नही लिखी रिपोर्ट, न कराया घायल का मेडिकल

बच्चे छोटे हैं।

अनिल द्वारा की गई मारपीट के बाद महिला ने 112 को काल की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की। इसके बाद महिला को कोतवाली भेज दिया। महिला का कहना है कि वह काफी देर तक कोतवाली में बैठी रही, लेकिन पुलिस ने उसका न तो मेडिकल कराया और न ही अनिल के खिलाफ कोई कार्रवाई की। महिला ने एसएसपी से मेडिकल करा कर अनिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार की है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में अव्वल रहीं नेहा, खुशी, सुहाना पुरस्कृत



मेंहदी प्रतियोगिता में अव्वल आई छात्राएं प्रमाण पत्र के साथ।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान के बैनर तले भगवान परशुराम प्रादुर्भाव दिवस अंतर्गत पांच दिवसीय श्रृंखला के प्रथम दिवस शांति देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में डॉ. उमा शर्मा की अध्यक्षता में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में 82 बच्चों ने भाग लिया। इसमें नेहा कुमारी प्रथम, खुशी द्वितीय तथा सुहाना तृतीय स्थान पर आए। सभी को सम्मान पत्र गिफ्ट मिठाई देकर सम्मानित किया। अंजना कुमारी, शिवानी को सांत्वना पुरस्कार के साथ बाकी समस्त बच्चों को सम्मान पत्र एवं पटका पहनाकर मिठाई आदि वितरण कर सम्मानित किया गया। महिला सभा की अध्यक्ष डॉ. जमुना शर्मा ने आभार जताया। कार्यक्रम में अंशुल, प्रभावती, सोनम सोनाली, पूनम सिंह, शशि, ब्रज लता, कमल पचौरी तथा पूनम सिंह, आदि उपस्थित थी। कल मां वैष्णो देवी विद्या निकेतन पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा।

# गोकुल के विकास कार्यों को सौंपा पत्र



गुजरात की मंत्री बसु बहन पटेल को ज्ञापन सौंपते नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित।

संवाददाता

**यूनिक समय, गोकुल (मथुरा)।** गोकुल नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय दीक्षित ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की छोटी बहन और गुजरात सरकार की कैबिनेट मंत्री बसु बहन पटेल को गोकुल के विकास कार्यों और सौंदर्यीकरण को पत्र सौंपा। उन्होंने उनसे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा गोकुल नगर पंचायत में कुछ सौंदर्यीकरण के कार्य यमुना में गिरते सीवर के गंदे नाले को रोकने के लिए सीवर लाइन की व्यवस्था कराने, एक बड़ा ट्रीटमेंट प्लांट बनवाने, प्राचीन ऊबड़ खाबड़ परिक्रमा मार्ग का सौंदर्यीकरण कराने, प्राचीन जशोदा घाट से ठकुरानी घाट तक एक नए घाट का निर्माण कार्य कराने तथा रुके पड़े सीमा विस्तार के कार्य को पूर्ण कराने तथा गोकुल में भूमाफियाओं पर नकेल कसने के काम कराने का आग्रह किया है। उनके साथ में गुजरात के मिलन भाई मोदी, निलेश भाटिया, पूर्व एमएलए वाजू भाई आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा नेता की भाभी के निधन पर शोक

**यूनिक समय, कोसीकलां।** ओबीसी मोर्चा के ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष डॉ. अमरसिंह पौनिया की भाभी कलावती (72) का बीमारी के चलते निधन हो गया।

उनके निधन पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन भगवत प्रसाद रूहेला, पूर्व चेयरमैन बलराज सिंह, पूर्व सभासद सत्यवीर सांगवान, डॉ. डी.पी. उपाध्याय, डॉ. गिर्राज तिवारी, डॉ. ब्रजभूषण, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह, पूरनसिंह एडवोकेट, जगदीश लाला, वीरेंद्रपाल तोमर, डॉ. अनिल अग्रवाल, महावीर सिंह प्रधान, डॉ. अशोक जैन, पत्रकार सोनू गोयल, पत्रकार देव शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# भिक्षा मांगते पांच बच्चों का रेस्क्यू

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट ने शहर में भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाकर नाबालिग पांच बच्चों को रेस्क्यू किया। समाज कल्याण और टीपीओ कार्यालय के सहयोग से कृष्ण जन्मभूमि के आस–पास के इलाकों में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान को चलाया गया। इस इलाके में भीख मांगने वाले पांच बालक व बालिकाओ का रेस्क्यू किया। बाल कल्याण समिति ने वैधानिक कार्रवाई की।

टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू, मुख्य आरक्षी योगेश कुमार, महिला आरक्षी तनीषा, नेहा चौधरी व मुख्य आरक्षी अमित कुमार शामिल थे।

# युवक को बाइक खरीदवानी पड़ी महंगी

**यूनिक समय, मथुरा।** अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से एक मोटरसाइकिल का सौदा कराना एक युवक को महंगा पड़ा। बैंक में चोरी इन लोगों ने की और बलदेव पुलिस ने उसे धर लिया। इस मामले में पीड़ित पिता ने एसएसपी से निर्दोष को थाने से छुड़वाने की गुहार लगाई है। महावन कस्बे के कमगर पीड़ा के रहने वाले चांद का कहना है कि उसका बेटा सलमान मजदूरी कर अपने परिवार का लालन पालन करता है। उसका कोई अपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। उसने करीब डेढ़ माह पूर्व कठैला गांव से एक मोटरसाइकिल 19 हजार 500 रुपये में हाशिम पुत्र समीउद्दीन को दिलाई थी। हाशिम ने इस बाइक को सादाबाद में रहने वाले बहनोई मुस्तफा को दे दिया।

### बाइक खरीदने वालों ने की बैंक में चोरी

### युवक को बलदेव पुलिस उठा ले गई

बाइक आज भी उसके पास है। मुस्तफा ने अपने एक साथी के साथ इस बाइक से बैठकर दाऊजी बैंक में चोरी की। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। 24 अप्रैल को बलदेव पुलिस उसके लड़के को पकड़ कर ले गई है। हाशिम हमे धमकी दे रहा है कि अगर उसका किसी ने नाम लिया तो बहुत बुरा होगा। मेरे लड़के का बैंक में हुई चोरी की वारदात से कोई लेना देना नहीं है।



### अपात्र मिलने पर नहीं मिलेगा योजना का लाभ

# वृद्धावस्था पेंशन के 57362 लाभार्थियों का सत्यापन शुरू

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार बुजुर्गों के सुरक्षा सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार कार्य कर रही है। वृद्धावस्था पेंशन में मृतक एवं अपात्र पेंशनरों को सूची से बाहर कर उनके स्थान पर नए पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिए जाने के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्य सचिव के शासनादेश द्वारा सभी कमिश्नर और डीएम को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के जिला मथुरा के 57362 पेंशनरों का सत्यापन 15 मई तक किया जाएगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के गरीबी रेखा से नीचे आय के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से हर 3 माह में प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपये और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपये से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ के माध्यम से और शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गलत सत्यापन पर दंडात्मक कार्रवाई का भी प्राविधान किया गया है। निदेशक समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी उप निदेशक एवं समाज कल्याण अधिकारियों को 10 प्रतिशत पेंशनरों का क्रॉस वेरिफिकेशन करते हुए सत्यापन की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके आधार पर जीवित पेंशनर्स को मृतक दर्शाए जाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी और कर्मचारी के विरुद्ध जिलाधिकारी द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सत्यापन समयबद्ध और गुणवत्तापरक हो।

## जीरो पावर्टी अभियान में चिन्हित 773 वृद्धों को मिलेगी पेंशन

**यूनिक समय, मथुरा।** समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित किए गए वृद्ध जानो को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिसमें जिले के 773 वृद्धजन चिन्हित किये गये हैं। इन परिवारों को समाज की मुख्य की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। चिन्हित परिवारों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को भी सत्यापन के दौरान पात्रता के अनुसार आवेदन कराए जाएंगे और उनको लाभ दिलवाया जाएगा। उन्हें जून माह से प्रथम किश्त की पेंशन दी जाएगी। इसके लिए लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए उनके आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जा रही है। लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नंबर को बैंक खातों से लिंक कराया जा रहा है। एकीकृत पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि एक व्यक्ति किसी एक पेंशन में ही लाभ प्राप्त कर सके।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी करेंगे 10 प्रतिशत लाभार्थियों का क्रॉस वेरिफिकेशन

### जीवित को मृत दर्शाना सत्यापनकर्ता को पड़ेगा भारी

### समाज कल्याण मंत्री ने डीएम, कमिश्नर को दिए निर्देश






## पहलगाम में मारे गये पर्यटकों को दी श्रद्धांजली


पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के यमुना में तर्पण करते श्री ब्रजवासी पंडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री ब्रजवासी पांडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम के साथ ब्रजवासियों ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए केशीघाट पर यमुना में तर्पण किया। श्री गौतम ने पहलगाम की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि अब ईंट का जवाब पत्थर से देने का समय आ गया है। भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर विश्वास भरी टकटकी लगा रही है। इस अवसर पर ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद बल्लभ गोस्वामी, आशीष गौतम चिंटू, धर्मेंद्र गौतम लीला, महेश भारद्वाज विवेक गौतम, राघव भारद्वाज, गोविंद नारायण बृजवासी, लवेश शर्मा, तपेश पाठक, दीनदयाल गौतम, राहुल शुक्ला तथा आचार्य विष्णु सिद्ध आदि उपस्थित थे।

## विवाहिता को दूध में विषाक्त पदार्थ मिलाकर पिलाया

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोवर्धन के गांव आन्यौर में एक विवाहिता को उसके ससुरालिजनों ने दूध में मिलाकर विषाक्त का सेवन करा दिया, जिसके चलते उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। थाना छाता निवासी कुंजी की बहन की शादी करीब 16 साल पहले गांव आन्यौर गोवर्धन निवासी गणेश के साथ हुई थी। गणेश से उसकी तीन बेटिया और एक बेटा है। सबसे बड़ी बेटी 12 साल की है। लड़का दस साल का और दो उससे छोटी बेटियां है। कुंजी ने पोस्टमार्टम गृह पर बताया कि उसका जीजा गणेश शराब का आदी है और अपराधिक प्रवृत्ति का है। बहन को गणेश और उसके माता पिता परेशान करते थे। कल किसी बात को लेकर घर में कुछ कहासुनी हुई तो बहन को उसके ससुराल वालों ने दूध में कोई विषाक्त पदार्थ मिलाकर दे दिया, जिसे पीने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे मंडी चौराहे पर छोड़ गए। फोन पर बहन की हालत खराब होने का पता लगने पर वह वहां आया और उसे सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उसकी देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवारिजनों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है।

### इलाज के दौरान महिला की मौत

### परिवार के लोगों की पुलिस को तहरीर

## हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** मगोर्रा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 8 अप्रैल को नगला देवा, सौंसा में अभियुक्त जगन सिंह ने अपने परिवार के साथ मिलकर गांव के सोरन के घर पर हथियारों से लैस होकर हमला कर दिया था। हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से किए गए हमले में लोगों को गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त जगन सिंह को एक सूचना के आधार पर गांव भुंडान की पुलिया के समीप से गिरफ्तार कर लिया है।








### आंबेडकर जयंती पर सम्मान गोष्ठी में डिप्टी सीएम ने विपक्ष पर जमकर बोला हमला

# सपा आज पीडीए के नाम पर कर रही है नाटक : केशव मौर्य



बृज कला केन्द्र ऑडिटोरियम में आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ . भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह के मंच पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह, मेयर विनोद अग्रवाल, विधायक पूरन प्रकाश, विधायक मेघश्याम सिंह, एमएलसी ठा . ओम प्रकाश सिंह, महानगर अध्यक्ष राजू यादव आदि।

### दलितों की नेता मायावती पर सपाइयों द्वारा किए हमले को दिलाया याद

### कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर घोटा था लोकतंत्र का गला

### बाबा साहब की सामाजिक न्याय की मशाल को लेकर चल रही भाजपा : कोरी

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर बृज कला केन्द्र ऑडिटोरियम में भाजपा महानगर ने सम्मान गोष्ठी का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आज पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हितैषी बनने का नाटक कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि इसी पार्टी के नेताओं ने दलितों के सबसे बड़ी नेता मायावती का गेस्ट हाउस कांड में अपमान किया था। उन्होंने याद दिलाया कि उस वक्त भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने अपनी जान की बाजी लगाकर मायावती की रक्षा की थी। मौर्य ने कांग्रेस पर भी गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा और 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' जैसे नारे दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए संविधान में 70 बार संशोधन किए, जबकि भाजपा ने केवल आठ बार संशोधन किए हैं, वह भी गरीबों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा की नीतियाँ हमेशा दलित विरोधी रही हैं। कांग्रेस चाहती थी कि केवल चार आने कर देने वाला, मैट्रिक पास, बुलेट मोटरसाइकिल और डबल बैरल बंदूक रखने वाला ही चुनाव लड़ सके और वोट डाल सके, लेकिन बाबा साहब ने ऐसी सोच का पुरजोर विरोध किया और हर नागरिक को समान मताधिकार दिलाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ही सच्चे अर्थों में बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ा रही है।

संसद के सेंट्रल हॉल में बाबा साहब की प्रतिमा लगवाने का श्रेय भी भाजपा को जाता है, जो कांग्रेस ने दशकों तक नहीं किया। साथ ही उन्होंने बताया कि वी.पी. सिंह की सरकार, जो भाजपा समर्थित थी, उसी ने बाबा साहब को भारत रत्न दिलाया, जबकि कांग्रेस ने उन्हें इस सम्मान से वंचित रखा था।

प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने सामाजिक न्याय की मशाल जलाई थी, उसे सच्चे अर्थों में आज भाजपा ने आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं।

कोरी ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इन दलों ने वर्षों तक दलित समाज को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, लेकिन उनके सामाजिक उत्थान के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि आज अनपढ़, महिला, बुजुर्ग और युवा को वोट देने का अधिकार है तो वह बाबा साहब की देन है। अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर 'राजू' यादव ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी शीर्ष पद तक पहुंच सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष हरीशंकर 'राजू' यादव ने की। संयोजन पर्व महापौर डॉ. मुकेश आर्य बंधु ने किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी ठा. ओम प्रकाश सिंह, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, विधायक मेघश्याम ठाकुर, राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, संजय शर्मा, रामकिशन पाठक, हरिओम शर्मा, अंकुर अग्रवाल, प्रमोद बंसल, ज्ञानेंद्र राणा, मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, दीपक गोला, नितिन चतुर्वेदी, बादल शर्मा तथा लोकेश तायल आदि उपस्थित थे।

### एसएसपी को दिए निर्देश हेमेन्द्र गर्ग के हत्यारों पर कार्रवाई करें : मौर्य

**यूनिक समय, मथुरा।** मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने जानकारी दी कि डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने न केवल हेलीपैड पर गार्ड ऑफ ऑनर लेने से मना किया बल्कि कार्यकर्ताओं से दुपट्टा और स्मृति चिह्न भी नहीं लिया। साथ ही, हाल ही में भाजपा कार्यकर्ता हेमेन्द्र गर्ग की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।




## असम से आए वायु हाथी की वाइल्डलाइफ एसओएस के हाथी अस्पताल में होगी देखभाल



दो हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर घायल हाथी पहुंचा मथुरा ।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** दशकों की कठिनाई और क्रूरता को सहने के बाद, वाइल्डलाइफ एसओएस ने असम से 'वायु' नामक 52 वर्षीय नर हाथी को बचाया है। लकड़ी ढोने के काम में इस्तेमाल किये जाने वाले हाथी को गंभीर चोट लगने के बाद उसे बिना इलाज के छोड़ दिया गया, जिससे उसको चलने में दिक्कत होने लगी, लेकिन अब मथुरा में वाइल्डलाइफ एसओएस हाथी अस्पताल में वायु की ठीक होने की यात्रा शुरू हो गई है। वायु का जीवन बिल्कुल भी सौम्य नहीं रहा। लकड़ी ढोने वाले हाथी के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाला हाथी, एक बार नागालैंड में गिर गया, जिसके परिणामस्वरूप उसका बायां पैर बुरी तरह से टूट गया। उचित चिकित्सा सहायता के अभाव में उसकी हालत और भी खराब हो गई। हाथी दुबला-पतला, कुपोषित था, और कोहनी के जोड़ में एंकिलोसिस (जोड़ों की अकड़न) और ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण अपंग चाल दिखा रहा था। रक्त परीक्षण में एनीमिया, परजीवी संक्रमण संबंधी कमियों का पता चला, जिससे उसकी हालत और भी कमजोर हो गई। उसकी हालत की गंभीरता को देखते हुए, यह स्पष्ट हो गया कि वायु को विशेष देखभाल की आवश्यकता है। अनुमति मिलने के बाद, मथुरा में वाइल्डलाइफ एसओएस एलिफेंट हॉस्पिटल की एक विशेषज्ञ टीम 2000 किलोमीटर की यात्रा के लिए तैयार एक विशेष रूप से सुसज्जित एलिफेंट एम्बुलेंस के साथ रवाना हुई। टीम में पशु चिकित्सक, देखभाल करने वाले कर्मचारी शामिल थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पूरे बचाव अभियान के दौरान वायु को निरंतर देखभाल, हाइड्रेशन और चिकित्सा सुविधा मिले। एक कठिन यात्रा के बाद, वायु ने आखिरकार अस्पताल के अंदर कदम रखा, जहां उसका स्वागत स्वादिष्ट व्यंजनों और देखभाल के साथ किया गया, जो उपचार और आशा के नए अध्याय की एक अच्छी शुरुआत है। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ, कार्तिक सत्यनारायण ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन है क्योंकि यह असम से हमारा पहला बचाव अभियान है।

## अक्षय तृतीया से घर-घर पहुंचाया जाएगा पंचांग



संस्कृत भारती के वार्षिक पंचांग का विमोचन करते पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** संस्कृत भारती ब्रजप्रांत ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ हुए नववर्ष विक्रम संवत 2082 के पंचांग का परिक्रमा मार्ग स्थित सोहम् आश्रम में संत स्वामी गौरवानन्द महाराज ने विमोचन किया।

इस अवसर पर संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, संस्कृत भारती मथुरा महानगर अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, ब्रजप्रांत न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन करते हुए मथुरा महानगर प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री ने किया। सोऽहम् आश्रम के संत गौरवानन्द महाराज ने सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर स्वामी मुकुन्दानन्द, स्वामी रामानन्द, स्वामी ज्ञानानंद, स्वामी शिवानंद, स्वामी प्रेमानंद, ब्रह्मचारी यशोदानंदन तथा ब्रह्मचारी प्रदीप आदि उपस्थित थे।

## साथियों को हटाने पर संविदाकर्मियों का प्रदर्शन

### मांगें नहीं मानी तो 26 से होगा कार्य बहिष्कार

संवाददाता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** विद्युत विभाग द्वारा हटाए गए संविदाकर्मियों एवं बायोमैट्रिक हाजिरी के आदेश को वापस लेने की मांग को लेकर अधिशाषी अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए इसे कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात बताया। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपकर 25 अप्रैल तक सभी मांगों को पूरी करने की बात कहते हुए कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। बताते चलें कि विद्युत विभाग ने करीब दर्जन भर से अधिक संविदाकर्मियों को अचानक से हटा दिया था। इसी के साथ शेष सभी कर्मचारियों को बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने संबंधी आदेश भी जारी किए हैं। दोनों आदेश के बाद कर्मचारियों में खलबली मच गई। गुरूवार को इन दोनों मामलों को लेकर संविदाकर्मियों ने एकजुटता दिखाते हुए अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन किया और हंगामा काटा। आरोप था कि अधिकारी मनमाने तरीके से बेवजह संविदाकर्मियों को हटा कर नए कर्मचारियों की नियुक्ति कर रहे है। जिससे हटाए गए कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी का संकट होगा। साथ ही उन्होंने फोन के माध्यम से बायोमैट्रिक हाजिरी के आदेश का भी विरोध किया। कहा कि कर्मचारी अभी इस व्यवस्था के लिए सक्षम नहीं है। कम वेतन में अधिकतर के पास अच्छे मोबाइल की व्यवस्था नहीं है। जिससे उनकी उपस्थिति दर्ज होने में समस्या होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभाग व्यवस्था करें तभी यह संभव है। उन्होंने इस बावत ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें उन्होंने 25 अप्रैल तक मांगे न मानने पर अगले दिन से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। इस दौरान बाबू खान, ओमप्रकाश, रामकुमार, सुभाषचंद, बलराम सिंह, रोहित, शिवसिंह, सत्यवीर, दैवेन्द्र, रोहतास, जिलेसिंह, ताराचंद, बच्चू आदि संविदाकर्मी मौजूद शामिल थे।

## अब पूरे समय तहसील में मिलेगा आर ओ का ठंडा पानी



**यूनिक समय, मांट।** तहसील में आने वाले फरियादियों को अब गर्मियों में ठन्डे पानी के लिये भटकना नहीं पड़ेगा, जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने शुक्रवार को मंदिर के समीप बड़े वाटर कूलर का लोकार्पण किया। अरुण रावत चौबे द्वारा अपने पिता सुरेश चंद्र रावत कि स्मृति में इस आर ओ पानी के वाटर कूलर की स्थापना कराई है। लोकार्पण के दौरान श्री जैन ने कहा कि तहसील में दूर दराज के सैंकड़ों लोग रोजाना आते हैं, ऐसे में उन्हें शीतल जल पीने को मिल जाए तो इससे बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं है। इस दौरान तहसीलदार पवन गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सतीश जैन, मोहन सिंह, आनंद रावत, टीकम रावत, मोनू शर्मा आदि मौजूद थे।

### डिप्टी सीएम ने दिया आश्वासन

# भाजपा नेता हेमेंद्र गर्ग के हत्यारे जल्द पकड़े जाएंगे, सजा मिलेगी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गत दिवस भाजपा एवं व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग की हत्या के शीघ्र खुलासे को लेकर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल नगर महामंत्री सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला। ज्ञापन में व्यापारिक समस्या का समाधान व अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग रखी। मृतक व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग की निवास पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। चार सूत्रीय ज्ञापन



भाजपा नेता हेमेंद्र गर्ग की हत्या के खुलासे के लिए दिए ज्ञापन को पढ़ते यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य। साथ में पूर्व ऊर्जा मंत्री रविकांत गर्ग समेत अन्य पदाधिकारी।

में प्रमुख रूप से शीघ्र से शीघ्र दोषियों की गिरफ्तारी व कड़ा दंड दिलाने, पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपया का मुआवजा दिलाने, परिवार को सुरक्षा प्रदान कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। उपमुख्यमंत्री ने अति शीघ्र सख्त से

### व्यापारी एसएसपी और उपमुख्यमंत्री से मिले

सख्त कार्रवाई व दोषियों को सजा देने का आश्वासन दिया। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर व्यापारी नेता गुरमुख दास, रामचंद्र खत्री, सुनील साहनी, भगवान चतुर्वेदी, शशि भानु गर्ग, मुकेश अग्रवाल, नागेंद्र वर्मा, उमेश मचेरिया, अनिल सारस्वत, प्रेम शंकर अग्रवाल, अश्वनी गर्ग, राज नारायण गौड़, विकास जिंदल तथा राजेंद्र गर्ग आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# पहलगाम घटना में शामिल आतंकियों को फांसी दो



होलीगेट पर फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के पदाधिकारी प्रदर्शन करते हुए।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले होली गेट पर आयोजित प्रदर्शन और पाकिस्तान के पुतला दहन का फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल ने समर्थन किया। प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में भाग लेकर भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिये की जा रही कार्यवाही का स्वागत किया। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष रास बिहारी अग्रवाल ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिये दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान को मिटाना आज की जरूरत है। महानगर महामंत्री सौरभ अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश से भी छोटा देश पाकिस्तान भारत के मुकाबले में कहीं नहीं बैठता है।

तीन बार भारत के साथ युद्ध मे मुंह की खाने के बाद भी अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आता है। इसलिये इसे सबक सिखाना ही होगा। प्रदर्शन में आशीष राधा वैली, आशीष बब्बू, कन्हैयादास, नानकचन्द महावर, बाबूलाल सैनी, नितिन मसाले वाले, योगेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल आदि व्यापारी शामिल थे।

# व्यापार बंधुओं की बैठक में बिजली व ट्रैफिक के मुद्दे व्यापारियों ने उठाए

**यूनिक समय, मथुरा।** व्यापार बंधुओं की कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में हुई बैठक में व्यापारियों ने बिजली और यातायात की बिगड़ती स्थिति को सुधारने की मांग की। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सीडीओ मनीष मीणा की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक में सभी व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने होली गेट से लेकर स्वामी घाट तक बिजली विभाग द्वारा सड़कों पर जो बिजली के बॉक्स लगा रखे हैं। उनसे व्यापारियों और सड़क पर चलने वाले लोगों को खतरा बना रहता है। बिजली के इन बॉक्सों को सही तरीके से व्यवस्थित कराया जाए। इन बॉक्सों के चलते ट्रैफिक जाम हो जाता है। उन्होंने शहर में खराब ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों से शिकायत

### सीडीओ ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान का दिया आश्वासन

की। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक की खराब स्थिति के चलते जनता बेहद परेशान है। शहर में विद्युत आपूर्ति की समस्या से भी अवगत कराया। सीडीओ ने व्यापारियों द्वारा बैठक में उठाई गई सभी समस्याओं को बड़ी ही गंभीरता से सुना और व्यापारियों को जल्द ही उनकी समस्यों के निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर महानगर महामंत्री राजेश गोयल, सचिन अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद अग्रवाल, महानगर मीडिया प्रभारी अखिलेश मिश्रा, पिंटू महानगर युवा अध्यक्ष नरेश शर्मा, युवा महामंत्री आशीष अग्रवाल, कर्णवीर सिंह तथा संजय गुर्जर आदि उपस्थित थे।

## 14 पव्वे देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** सुरीर पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जाते एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 पव्वे देशी शराब के बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त गांव नगला फौंदा निवासी सिब्बू उर्फ शिव सिंह है।

# औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो: सीडीओ



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उद्योग बन्धु, जिला स्तरीय एमओयू मॉनीटरिंग समिति की अध्यक्षता करते मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु, जिला स्तरीय एमओयू मानीटरिंग समिति, सी.एस.आर. समिति एवं कौशल विकास मिशन की प्रगति समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं से सीडीओ को अवगत कराते हुए निराकरण की मांग की। सीडीओ ने सभी समस्याओं को संबंधित विभागों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। उद्यमियों ने अवगत कराया कि औद्योगिक क्षेत्रों में सफाई एवं जल निकासी की समस्या, गौर उद्योग केन्द्र में सीईटीपी की स्थापना, औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने, औद्योगिक क्षेत्रों में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने को पुलिस गश्त की व्यवस्था कराने पर जोर दिया। सीडीओ ने पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि को औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को औद्योगकि क्षेत्रों में नियमित सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया। यूपीसीडा के अधिकारियों को विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को निर्देशित किया। गौर उद्योग केन्द्र में सीईटीपी की स्थापना को वर्तमान में उपलब्ध भूमि के अनुसार प्रस्ताव तैयार करने को यूपीपीसीबी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। सीडीओ ने औद्योगिक क्षेत्र साईट–ए में अवैध कब्जों को हटाने को यूपीसीडा को निर्देशित किया। उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनपद को निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अपेक्षाकृत प्रगति न होने के कारण काफी अप्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त वाणिज्य कर, अपर नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृन्दावन, नोडल अधिकारी विद्युत विभाग, यूपीसीडा एवं यूपीपीसीबी के प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयक, एन.एच.ए.आईके प्रतिनिधि, गैल गैस लि. के प्रतिनिधि, विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आतंकवाद का सफाया करने के लिए सेना को खुली छूट दो



पहलगाम में मारे गए हिदुओं की आत्मा की शांति के लिए यमुना में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महामंडलेश्वर नवलगिरी महाराज, विहिप महानगर अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, संगठन मंत्री सोहन सोलंकी आदि।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों के किए कत्लेआम के विरोध में विहिप महानगर के अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल के नेतृत्व में होली गेट पर आतंकवाद का पुतला दहन किया। फिर मौन मार्च करते हुए सभी जनमानस के साथ विश्राम घाट पर पहुंच कर आत्माओं की शांति के लिए यमुना में श्रद्धांजलि अर्पित की गईं। महानगर अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल ने पाकिस्तान की कायराना हरकत का जवाब देने के लिए सेना को खुली छूट देने की मांग की।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोहन सोलंकी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना और सरकार द्वारा पोषित आतंकवाद का शीघ्र ही भारतीय सेना द्वारा कार्यवाही करके समूल नाश किया जाएगा। महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज ने कहा कि भारत का संत समाज कड़े शब्दों में इस घटना की निंदा करता है। जय घोष कराते हुए भागवताचार्य रसिया बाबा महाराज ने कहा कि आज हिंदुओं पर आ रही संकट की घड़ी में समष्टि हिंदू समाज को एक होकर आ रही विपत्ति का सामना करना चाहिए। संचालन महानगर मंत्री गोकुलेश गौतम एडवोकेट ने किया।

कार्यक्रम में संत चित प्रकाशनंद, महाराज, राम वल्लभ, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख मुकेश शुक्ला, विजय बहादुर सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर कार्यवाह विजय बंटा, विभाग मंत्री देवेंद्र, मठ मंदिर प्रमुख कांता नाथ चतुर्वेदी, महानगर संयोजक मोहित नौहवार, सह संयोजक वत्सल भाटिया, पूर्व पार्षद रामदास चतुर्वेदी, योगेश आवा, मनु ऋषि, प्रखंड मंत्री नितिन चौधरी, आकाश ठाकुर, दीपक कुमार, निखिल एवं मुरारी लाल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# दंत चिकित्सा में 3डी इमेजिंग काफी मददगार: डॉ. कुहू मजूमदार

**यूनिक समय, मथुरा।** के.डी. डेंटल कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय आईएओएमआर दिवस पर अतिथि वक्ता डॉ. कुहू मजूमदार ने दंत चिकित्सा में 3डी इमेजिंग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 3डी सीबीसीटी स्कैन दंत चिकित्सकों को निदान और सर्जिकल योजना में अत्यधिक सहायता प्रदान करता है, विशेषकर जबड़े की हड्डी में असामान्यताओं और डेंटल कैविटेशन संक्रमण की पहचान में। डॉ. मजूमदार ने अपने व्याख्यान में "दंत चिकित्सा में 3डी इमेजिंग की शक्ति को अनलॉक करना" विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि 3डी विज़ुअलाइजेशन से उपचार की सटीकता बढ़ती है, रोगी संचार में सुधार होता है, और सर्जिकल जटिलताओं का जोखिम कम होता है। इसके अलावा, 3डी इमेजिंग से रोगियों को उनके निदान और उपचार के बारे



प्रमाण पत्र वितरण के दौरान प्रतिभागियों के साथ मुख्य वक्ता डॉ. कुहू मजूमदार, प्राचार्य डॉ. मनेश लाहौरी, विभागाध्यक्ष डॉ. विनय मोहन, प्रो. (डॉ.) अनुज गौर तथा अन्य संकाय सदस्य।

में बेहतर समझ मिलती है, जिससे उनका विश्वास और संतुष्टि बढ़ती है। कार्यक्रम में ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. विनय मोहन ने विकिरण सुरक्षा पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि

### के.डी. डेंटल कॉलेज में मना राष्ट्रीय आईएओएमआर दिवस

सीबीसीटी स्कैन पारंपरिक एक्स–रे की तुलना में कम विकिरण उत्सर्जन करता है, जिससे रोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. मनेश लाहौरी, डीन और प्राचार्य ने डॉ. कुहू मजूमदार का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

# स्कूलों में अनियमितताएं मिलने पर दो प्रधानाध्यापिका निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने व शिक्षा में सुधार हेतु निरंतर स्कूलों का निरीक्षण कर रहे हैं। विकास खंड बलदेव व राया के स्कूलों में किए गए निरीक्षण में कई जगह नामांकन के सापेक्ष उपस्थित छात्र संख्या कम मिली तो कई जगह शिक्षक अनुपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रेमनगर बलदेव के निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 108 के सापेक्ष 60 छात्र छात्रा उपस्थित मिले। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुगसना के निरीक्षण में सहायक अध्यापक श्रीमती अंजूशेखर कई दिनों से विद्यालय नहीं आ रही थीं, अनुपस्थित मिलीं। प्राथमिक विद्यालय नगला ताज के निरीक्षण में राम सरन सुजान प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, सहायक अध्यापक सतीश कुमार शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 21 के सापेक्ष मात्र 02 छात्र/छात्रा उपस्थित पाये गये। प्रधानाध्यापक राम सरन सुजान को निलंबित कर अन्य सभी स्टाफ का मानदेय /वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। प्राथमिक विद्यालय नगला राय सिंह, बलदेव का भी निरीक्षण किया जहां कि नामांकन बढ़ाने को कहा। प्राथमिक विद्यालय मल्हे, राया के निरीक्षण में श्रीमती प्रीती नीलम शिक्षामित्र व श्रीमती मधुबाला शिक्षामित्र अनुपस्थित मिलीं। दोनों का मानदेय अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। प्राथमिक विद्यालय खिरारी के निरीक्षण में विद्यालय परिसर बहुत गन्दा मिला व शौचालय की स्थिति बहुत खराब पाई गई। विद्यालय में रंगाई–पुताई भी नहीं मिली। जिस पर प्रधानाध्यापक रामदेव सारस्वत को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय दीवाना कलां के निरीक्षण में सहायक अध्यापक आरती चौरसिया, सुखवीर सिंह शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। दोनों का मानदेय/वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया। प्राथमिक विद्यालय नगला हरप्रसाद के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक नासर खान, सहायक अध्यापक देवेन्द्र कुमार, शिक्षामित्र श्रीमती संगिता शर्मा व रजनी अनुपस्थित मिले। इन सभी का वेतन /मानदेय अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय तैयापुर के निरीक्षण में सहायक अध्यापक मीना सागर, सुरिष्ठा सिंह, भानु प्रकाश रावत, शिक्षामित्र नीरज सारस्वत, सीमा देवी,


## कई स्कूलों के स्टाफ का रोका वेतन

सेवक राजेन्द्र कुमार अनुपस्थित मिले। विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 350 के सापेक्ष मात्र 02 छात्र/छात्रा उपस्थित पाये गये। विद्यालय की रंगाई पुताई व साफ सफाई नहीं मिली। जिस पर प्रधानाध्यापक भगवती प्रसाद शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तथा विद्यालय में कार्यरत अन्य समस्त स्टाफ का वेतन/मानदेय अग्रिम आदेशों तक रोकने की कार्यवाही की है। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय होल्ला राया, प्राथमिक विद्यालय कटैला, प्राथमिक विद्यालय भैंसारा, प्राथमिक विद्यालय सीयरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय बना, प्राथमिक विद्यालय बना का भी निरीक्षण किया।



चतुर्थ पुण्यतिथि
सम्मुख नहीं आप हमारे, हृदय में आपका वास है।
मुस्कुराता हुआ चेहरा आपका, हमारी खुशियों की आस है।
प्रेम पाया जो आपसे, वो खुशी बनकर हमारे पास है।
आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारीजन आपको हार्दिक श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।
स्व: श्रीमती भगवती देवी
श्रद्धानवत:- समस्त रमन मिठाई वाला परिवार
फर्म:- रमन मिष्ठान भण्डार, धौली प्याऊ, मथुरा
मो. 9411258666, 9837235982, 9412362785, 9897010436


# यमुना के प्रति केंद्र सरकार जागी, अब हमारी बारी: मुकेश



गिरिराज महाराज की दंडवती परिक्रमा करते यमुना पुत्र व भक्त।

## दिल्ली से आए युवा यमुना भक्तों ने लगाई दंडवती परिक्रमा

## यमुना शुद्धीकरण अभियान का किया समर्थन, लिया सहयोग का संकल्प

## रामअनुग्रह दास महाराज उतरे अभियान के समर्थन मे

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जैसे–जैसे यमुना शुद्धीकरण के संकल्प को लेकर प्रभु श्री गिर्राज की दंडवती परिक्रमा आगे बढ़ रही है उसी के साथ–साथ यमुना भक्त और पुत्रों का भी समर्थन–सहयोग "मिशन हृदयामि" को मिलने लगा है। ब्रज भक्त मंडल द्वारा यमुना जल लाओ अभियान एक आध्यात्मिक मिशन के अंतर्गत मां यमुना को राष्ट्रीय पौराणिक नदी सम्मान हेतु मिशन हृदयामि के तहत विगत 15 अप्रैल से प्रभु श्री गिराज धरण की दंडवती परिक्रमा प्रारंभ हुई। दसवें दिन आज दिल्ली से आए युवा भक्तों ने मां यमुना के सम्मान हेतु दंडवती परिक्रमा दी। मां यमुना जी एवं गिरिराज जी के जयकारों से संपूर्ण राधा कुंड क्षेत्र गुंजायमान हो गया। युवा भक्तों के सहयोग ने अभियान में जोश भर दिया। रामानंद आश्रम के महंत राम अनुग्रहदास महाराज ने सभी यमुना भक्तों को आशीर्वाद दिया एवं मिशन हृदयामि के कठिन सराहते हुए पूर्ण सक्रिय सहयोग देने की घोषणा की। यमुना पुत्र मुकेश बालकृष्ण ने सभी युवा यमुना भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार मां यमुनाजी की समस्या का समाधान करने के लिए जाग चुकी है, अब हमारी बारी है। उन्होंने सभी यमुना भक्तों का आह्वान करते हुए कहा कि देश का जन–जन जब तक मां यमुना और गंगा को हृदय से सम्मान नहीं देगा तब तक मां गंगा जमुना को बचाना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव हो जाएगा। दिल्ली से आए जयसिंह राघव एवं उनके साथियों ने प्रभु गिर्राज का पूजन कर अभियान में पूर्ण सक्रिय सहयोग करने का संकल्प लिया एवं युवा भक्तों को अभियान से जोड़ने का वादा किया।

# समय से पहले चली गई तीन शिक्षिका, बीएसए ने किया निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, नौहझील।** खण्ड शिक्षा अधिकारी नौहझील के द्वारा ग्रामीणों की शिकायत पर 22 अप्रैल को दोपहर 12.10 बजे उ०प्रा०वि० दौलतपुर, नौहझील का जी०पी०एस० कैमरा से फोटो मंगाया गया, जिसमें मात्र प्रधानाध्यापक राजकपूर, शिक्षा मित्र रोहदास सिंह व श्रीमती विजय शर्मा उपस्थित पाये गये तथा अन्य स्टाफ उपस्थित नहीं था। प्रधानाध्यापक राजकपूर से फोन पर की गयी वार्ता में बताया गया कि सहायक अध्यापक श्रीमती दीपांजली, श्रीमती अंजलि फौजदार, टीकेन्द्र कुमार, अनुदेशक नीलम बंसल व श्रीमती नगीना कुमारी स्कूल बन्द होने से पहले ही उनके मना करने के बावजूद भी स्कूल छोड़कर जा चुके हैं। पूर्व में किये गये औचक निरीक्षण में यही स्थिति पाई गई, विभागीय निर्देशों के बावजूद भी अध्यापकों में सुधार नहीं पाया गया। खण्ड शिक्षा नौहझील की प्राप्त आख्या के आधार पर बीएसए सुनील दत्त ने सहायक अध्यापक श्रीमती दीपांजली, श्रीमती अंजलि फौजदार व टीकेन्द्र कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर, विकास खण्ड–नौहझील, जिला–मथुरा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी वि०ख० नौहझील से सम्बद्ध किया है। साथ ही अनुदेशक श्रीमती नीलम बंसल व श्रीमती नगीना कुमारी का मानदेय अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है।

# बीएसए को निरीक्षण में अनुपस्थित मिले टीचर्स

संवाददाता

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने विकास खंड राया के स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहवन में नामांकित छात्र संख्या 460 के सापेक्ष 180 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय लोहवन के निरीक्षण में दीपक कुमार गुप्ता शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिले। उनका मानदेय अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध कर दिया है। वहीं प्राथमिक विद्यालय गोसना के निरीक्षण में सीनू शर्मा शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले, उनका मानदेय अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की है। विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 230 के सापेक्ष 103 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय ईशापुर, के निरीक्षण में रंजना कुमारी वर्मा इं०प्र०अ०, कमलेश सारस्वत स०अ०, नीरू बाला पाराशर स०अ०, रमितापाल सिंह स०अ०, जितेन्द्र सिंह स०अ०, मनोज कुमार अनुदेशक, रेनू अनुदेशक अनुपस्थित मिले। सभी का मानदेय /वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की है। विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 425 के सापेक्ष मात्र 35 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले। साथ ही इंचार्ज प्रधानाध्यापक रंजना कुमारी वर्मा को निर्देशित किया है कि अपने स्पष्टीकरण के साथ पिछले तीन वर्षों की कम्पोजिट ग्रांट के व्यय सम्बन्धी अभिलेखों को भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# पुलिस की भूमिका की भी कराई जाएगी जांच: डिप्टी सीएम



भाजपा एवं व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग के आवास पर महिलाओं को सांत्वना देते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या।

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग के आवास पर पहुंचे। गौरतलब है कि हेमेंद्र गर्ग की दो दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उप मुख्यमंत्री उनके आवास पर उनके शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भी व्यापारी नेता की हत्या की है उनको गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि व्यापारी नेता ने कई लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी।

पुलिस ने उनकी शिकायतों को नजर अंदाज कर दिया। इस पर उन्होंने कहा इस मामले की भी जांच कराई जाएगी। अगर इस मामले में पुलिस की कहीं भी लापरवाही पाई गई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि उप मुख्यमंत्री ने एसएसपी को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। यह भी बताते चलें व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग द्वारा की गई शिकायतों में शहर के कई नामी व्यापारियों के नाम भी है। उन्होंने समय–समय पर अपने साथ होने वाली घटनाओं में इन लोगों का जिक्र किया है।

उनके द्वारा की गई लगातार शिकायतों के बाद भी इन नामी ग्रामी लोगों से पुलिस ने पूछताछ करने तक की जहमत नहीं की। उनकी हत्या के बाद अब इस तरह के मामले सामने आने लगे हैं।

# कथित मुड़िया महंत समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** विश्व प्रसिद्ध मुड़िया आश्रम की संपत्तियों को खुर्द बुर्द करने वाले कथित महंत सहित सात लोगों के खिलाफ फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज हुई है। कथित महंत ने पीडब्ल्यूडी को भी आश्रम की जमीनों के फर्जी बैनामे किए थे। अन्य जमीनों को भी बेचने के एग्रीमेंट कर दिए थे। इसके खुलासे पर राजस्व रिकॉर्ड से कथित महंत का नाम हटाया गया था। मुड़िया पूनो मेले की मुड़िया शोभायात्रा के लिए श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु मंदिर के रजिस्टर्ड ट्रस्टी कोषाध्यक्ष ननिगोपाल दास ने कथित महंत गोपाल दास के फर्जीवाड़े की शिकायत डीएम, एसएसपी, तहसील एवं पीडब्ल्यूडी में की थी। सुनवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली थी। उनके द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया है कि आश्रम के महंत सुबलदास का 30 जुलाई 2010 को निधन हुआ था। इससे पूर्व उन्होंने 18 मार्च 2009 को रजिस्टर्ड वसीयत कर श्यामापद दास को अपना आजीवन उत्तराधिकारी महंत व प्रबंध ट्रस्टी एवं ननिगोपाल दास को कोषाध्यक्ष ट्रस्टी नियुक्त किया था। वहीं दुश्चरित्र के आरोप में गोपाल दास को आश्रम से निष्कासित कर दिया था। इसके बावजूद दबंगई कर गोपाल दास जबरन महंत बन बैठा है।

उसने विशम्भर दास व नरोत्तम दास की मदद से तहसील में फर्जीवाड़ा कर आश्रम की संपत्तियों के राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया था। इसके आधार पर गोपाल दास ने पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन सर्विस रोड में अधिग्रहित आश्रम की जमीनों के तीन फर्जी बैनामा कर 45.56 लाख रुपए का मुआवजा हड़प लिया। वहीं अन्य दूसरी जमीनों को बेचने के लिए उनका रवि कुमार व देवेंद्र सिंह को 16 लाख रुपए में एग्रीमेंट कर दिया था। इसमें भगवत प्रसाद व महेंद्र प्रताप सिंह ने गवाही दी थी। गोपाल दास की तहरीर पर कोर्ट ने कथित महंत गोपाल दास सहित फर्जीवाड़े में शामिल सभी सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेशों पर तत्काल बुधवार को थाना गोवर्धन में सातों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# अड़ींग में विवाह सम्मेलन 30 को, दिया लग्न का सामान



सामूहिक विवाह समारोह के पदाधिकारी विवाह सम्मेलन में होने वाले विवाह के जोड़े के अभिभावक को लग्न का सामान देते हुए।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** अड़ींग के सेहरा पायसा स्थित मैरिज होम पर 30 अप्रैल को सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। इसमें चयनित 6 जोड़ों को आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने पांच नग आभूषण, वर–वधू के वस्त्र, पीतल के बर्तन आदि सामान लग्न समारोह के लिए प्रदान किया। वर–वधु को सामान वितरण करने वालों में अध्यक्ष प्रताप सैनी, मंगतु, शंकर, लछमन, चतरू तथा अजीत आदि थे।

# चिंगारी से जली फसल का मुआवजा शीघ्र दें : डीएम

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने समस्त अधीक्षण अभियन्ता विद्युत एवं समस्त अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक ली। नवीन जिला विद्युत विकास निधि योजना के स्वीकृत कार्यों के संबंध में हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से निरंतर संपर्क करते रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करें। सीडीओ ने कहा कि जिला विद्युत विकास निधि के अंर्तगत पूर्व से स्वीकृत गौशालाओं के विद्युत संयोजन एवं गौशालाओं और प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइनों के शिफ्टिंग के कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण कर लिये जायें। उन्होंने कहा कि जिसकी पुनः समीक्षा 30 अप्रैल के उपरान्त होगी कार्य पूर्ण न होने पर कार्यवाही की जाएगी। मुख्य विकास अधिकरी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा एक वर्ष पूर्व धनराशि जमा होने के उपरान्त भी 05 विद्यालयों के विद्युत संयोजन लम्बित होने पर नाराजगी व्यक्त कर प्रमुख सचिव ऊर्जा को पत्र लिखने को निर्देशित किया गया और कहा गया अगर एक सप्ताह में कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो विभागीय कार्यवाही हेतु पत्र जारी कर दिया जाये। जिलाधिकारी ने विद्युत चिंगारी से जली फसलों का मुआवजा किसानों को जल्दी दिये जाने के निर्देश दिये। डीएम द्वारा ग्रीष्म ऋितु के दृष्टिगत जिले में विद्युत विभाग का कन्ट्रोल रूम बनाकर प्रचार-प्रसार भी करने पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत अधिकारियों द्वारा किसान यूनियनों के साथ बैठककर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क स्थापित कर जन समस्याओं का निस्तारण कराया जाए एवं अवर अभियन्ताओं एवं उपखण्ड अधिकारियों द्वारा फोन उठाएं जाएं एवं किसी भी फॉल्ट का समय से निस्तारण कराया जाये एवं फोन न उठाने की स्थिति में उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता द्वितीय नगरीय वृन्दावन को सांसद के कार्यों को

### गौशाला व विद्यालयों के ऊपर से जाने वाले हाईटेंशन तारों को शिफ्ट करें

### विद्युत अभियंता जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर समस्याओं को निपटाएं

प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने आगामी दिनों में अक्षय तृतीया में भीड़ होने के दृष्टिगत विद्युत सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए।

## हेमा मालिनी की पहल पर तीन दिवसीय कथक कार्यशाला शुरू



गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में कथक प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में शुक्रवार से तीन दिवसीय कथक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद तथा नाट्य विहार कला केंद्र, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान एवं सांसद हेमा मालिनी के निर्देशन में आयोजित किया गया है। कार्यशाला में कथक नृत्यांगना विदुषी उमा डोगरा मुंबई से विशेष रूप से वृंदावन आमंत्रित की गई हैं, जो प्रतिभागियों को नृत्य की बारीकियां सिखा रही हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन 51 बालिका व युवतियों ने पंजीकरण कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुंबई से जारी अपने संदेश में हेमा मालिनी ने कहा है कि ब्रज क्षेत्र के बच्चों को शास्त्रीय नृत्य सीखने के लिए प्रायः मथुरा जिले से बाहर जाना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह कार्यशाला प्रारंभ की गई है।

### 'नृत्य धारा' में 51 बालिका व युवतियां हुई प्रशिक्षण में शामिल

हमारा उद्देश्य ब्रज में शास्त्रीय नृत्य परंपरा को पुनर्जीवित करना है। कथक के पश्चात भरतनाट्यम, ओडिसी आदि नृत्य शैलियों की कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। कार्यशाला में गीता शोध संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना, कान्हा अकादमी से अनूप शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, भागवत प्रवक्ता मोहिनी कृष्ण दासी, देवेन्द्र शर्मा, संजय शर्मा, और विदुषी उमा डोगरा की शिष्या गीतांजलि उपस्थित थे। श्री सिकरवार ने जानकारी दी कि इच्छुक बालिकाएं 26 अप्रैल को भी प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण करा सकती हैं। कार्यशाला का समापन 27 अप्रैल को होगा। प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## आसमान में सूरज धधका नीचे लोग परेशान हुए



आसमान से बरस रही आग से परेशान छात्राएं।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार का दिन सबसे गर्म रहा। आसमान से बरस रही आग से हर कोई परेशान नजर आया। वजह थी कि दोपहर के समय भगवान भास्कर के तल्ख तेवरों से तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया था।

इस कारण लोगों को धूप के अंगारे के समान लग रही थी। दोपहर के वक्त सबसे अधिक परेशान दिखाई दिए तो स्कूली छात्र-छात्राएं। स्कूल से घर पहुंचने तक

### तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा

चेहरा लाल दिखाई दे रहा था। धूप के कारण परेशान अलग। कोई छतरी का सहारा लेती दिखाई दी, कोई सिर पर कपड़ा ओढ़कर आगे बढ़ती दिखाई दी।

कोई चुनरी या दुपट्टा ओढ़कर चल रही थी। वैसे दोपहर के समय सड़क पर सन्नाटा सा पसरा दिखाई दिया।

## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध

संवाददाता

**यूनिक समय, आगरा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए दर्दनाक आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या से देशभर में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को आगरा के व्यापारियों ने इस जघन्य कृत्य के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए कई बाजारों को बंद रखा और एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ सड़कों पर उतरे। बालूगंज सहित आगरा के विभिन्न बाजारों में दुकानों को बंद कर व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जताया और एक रोषपूर्ण जुलूस निकाला। इस विरोध जुलूस में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक और व्यापारी शामिल हुए।

### व्यापारियों ने बाजार बंदकर निकाला जुलूस

प्रदर्शन के दौरान देशभक्ति के नारे लगाए गए और आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। व्यापारियों ने यह भी ऐलान किया कि अगर आवश्यक हुआ तो भविष्य में और बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा, जब तक कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख नहीं अपनाती।

प्रदर्शन में भाग लेने वालों में विकास शिवहरे, मिर्जा इम्तियाज वेग, तनवीर उसमानी, एहसान खान, प्रवीण गुप्ता, इब्राहिम गौरी, विमल कान्त अग्रवाल, संजय शर्मा, अजय शर्मा और सर्वेश सिंघल आदि शामिल थे।

## इंटर में प्रशांत सारस्वत ने जिले में पांचवा स्थान पाया

**यूनिक समय, मथुरा।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में डॉ के पी एस इंटर कॉलेज हवेली राया के छात्र प्रशांत सारस्वत पुत्र सहदेव सारस्वत ने 500 में से 447 अंक प्राप्त करके जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। उनकी सफलता पर बधाई देने वालों को तांता लगा है।



प्रशांत सारस्वत



यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते व्यापारी नेता राजेंद्र प्रसाद हाथी वाले। साथ में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरी शंकर राजू यादव।

## नारी शक्ति कार्यक्रम में मचाया धमाल



जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा के बैनर तले नारी शक्ति पर कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा के बैनर तले नारी शक्ति पर कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। संस्था के सदस्यों ने प्रस्तुति दी, सभी सदस्यों ने हाउजी गेम खेला। कार्यक्रम का समापन डांडिया खेल कर किया। जायंट्स ग्रुप वसुधा की संस्थापिका मीरा अग्रवाल, नीना अग्रवाल, नमिता सिंह, मीनल अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, अल्पना अग्रवाल, कल्पना गर्ग, बबीता अग्रवाल ममता शर्मा, रुचि गुप्ता शशि अग्रवाल, विनीता अग्रवाल ,शिखा चौधरी, प्रेम धमीजा, रीमा अग्रवाल, ममता बिंदल निशा बिंदल, मोना अग्रवाल आदि ने भाग लिया।

## नगर निगम सीमा से अवैध विज्ञापन पट हटाए

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर आयुक्त शशांक चौधरी के आदेश पर नगर निगम सीमा में अवैध रूप से लगे क्योस्क बोर्ड/होर्डिंग्स को हटाये जाने के लिए आज अभियान चलाया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव एवं प्रवर्तन दल के कर्नल आरके सिंह के संयुक्त नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ विश्राम घाट से चौक बाजार होते हुए द्वारका पेड़ा वाला डीग गेट रोड तक अभियान चलाया। अभियान में लगभग 25 छोटे-बड़े विज्ञापन पट हटाये गये। अभियान के दौरान राजस्व विभाग के शंकर लाल व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## सम्पादकीय

# महाशक्ति का स्वप्न और ये अवरोध

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह बयान कि भारत, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस–यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, भारत की अंतरराष्ट्रीय साख को दर्शाता है। पुतिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत ईमानदारी से समाधान चाहता है और मोदी इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। यह साधारण उपलब्धि नहीं है। यह वही रूस है, जिसकी राजधानी मॉस्को में वर्ष 1971 में इंदिरा गांधी अमेरिकी दवाब के खिलाफ समर्थन मांगने गई थीं और उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति लियोनिद ब्रेझनेव का भरपूर सहयोग मिला था। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत की नई वैश्विक पहचान गढ़ रही हैं। बीते हफ्तों में उन्होंने पोलैंड, यूक्रेन, ब्रुनेई और सिंगापुर



पवन गौतम
संपादक

जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों की यात्राएं कीं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी लगातार दौरे पर हैं। साउथ ब्लॉक में अब अमेरिका और रूस यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। इन यात्राओं के पीछे एक स्पष्ट रणनीति है–बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को नेतृत्व की भूमिका दिलाना। ब्रुनेई जैसे छोटे लेकिन तेल–समृद्ध देश में मोदी की उपस्थिति महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह देश दक्षिण चीन सागर से जुड़ा है, जहां चीन अपनी दबदबे की नीति चला रहा है। ब्रुनेई पर चीन का प्रभाव बढ़ाने की कोशिश को भारत की सक्रियता से संतुलित किया जा सकता है। वहीं, सिंगापुर के साथ भारत के पुराने सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं। 'सेमीकंडक्टर हब' बनने के सपने में सिंगापुर की भागीदारी निर्णायक हो सकती है। दुनिया में इस समय कई मोर्चें पर युद्ध और संघर्ष की स्थिति है–रूस–यूक्रेन, इजरायल–फिलिस्तीन, चीन की आक्रामकता, और अमेरिका की घटती प्रभावशीलता। ऐसे में भारत संतुलन और समाधान की शक्ति बनकर उभरा है। सिंगापुर के वरिष्ठ कूटनीतिज्ञ किशोर महबूबानी का यह सुझाव कि भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता दी जानी चाहिए, इस बढ़ती भूमिका की पुष्टि करता है। वे नरेंद्र मोदी को विश्व के तीन सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिनते हैं। लेकिन यह वैश्विक प्रशंसा तभी सार्थक है जब भारत अपने भीतर भी समानता, सहिष्णुता और जिम्मेदारी को बनाए रखे। हाल की फरीदाबाद घटना, जिसमें एक युवक को गो–तस्करी के शक में पीट–पीटकर मार डाला गया, देश की छवि पर प्रश्न चिह्न लगाती है। गोरक्षा के नाम पर हिंसा, राजनेताओं की उग्र बयानबाजी और सामाजिक ध्रुवीकरण, भारत की उदारवादी और लोकतांत्रिक छवि को कमजोर करते हैं। बांग्लादेश पर कुछ नेताओं की गैर–जिम्मेदार टिप्पणियों से पड़ोसी देशों में असंतोष पनपता है, जो कूटनीतिक प्रयासों को चोट पहुंचाता है। जबकि विदेश नीति में सफलता के लिए आंतरिक स्थायित्व और सौहार्द अनिवार्य है। भारत आज जिस मुकाम पर खड़ा है, वहां से वह न केवल अपना बल्कि दुनिया का भविष्य प्रभावित कर सकता है। लेकिन इसके लिए भीतर और बाहर दोनों मोर्चें पर संतुलन बनाए रखना होगा। विश्व मंच पर मजबूती पाने के लिए देश के भीतर भी मजबूत लोकतांत्रिक और नैतिक मूल्यों की स्थापना ज़रूरी है।

## नजरिया

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

– ललित गर्ग

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर–पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर–ही–भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर–ए–तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर–ए–तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने–दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि–त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख–चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान– यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे–सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आव्हान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी–रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे–ए–तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू–कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे।

लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू–कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद–मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू–कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू–कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।



पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि कश्मीर में जब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, तब वहां जैसी चौकसी बरती जानी चाहिए थी, उसका अभाव क्यों देखने को मिला?

जिस तरह से धर्म और नाम पूछकर आतंकवादियों ने हिन्दुओं का नरसंहार किया उससे समूचा राष्ट्र आक्रोश में है। भारत की बेटी जिस की हाथों की मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं हुआ था और तीन दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी, उसकी अपने पति भारतीय नौसेना के लेफ्टीनेंट विनय नरवाल के शव के साथ तस्वीर देखकर समूचे देश का दिल दहल गया। हैदराबाद के आईबी अधिकारी मनीष रंजन को पत्नी और बच्चों के सामने मार दिया गया, ऐसे ही दर्दनाक दृश्य चारों ओर बिखरे थे। यह हमला वैसा ही जैसा हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर किया था। आज समूचा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है। हर देशवासी चाहता है कि पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए जैसा इजराइल ने हमास को सिखाया है। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में तीव्र गर्जना करते हुए पाकिस्तान को सबक सिखाने का संकल्प व्यक्त किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के आगे घुटने न टेकने की बात कहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा। लेकिन अब घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता, देश की एकता एवं घाटी की शांति को चुना है।

## विचार विण्डो

# एशिया–अफ्रीका मैत्री का प्रतीक बांडुंग

– उमेश चतुर्वेदी

इंडोनेशिया का खूबसूरत शहर है बांडुंग... बांडुंग की जो चीज लोगों को सबसे ज्यादा पसंद है, वह है शहर का ठंडा मौसम...शायद इस शहर की ठंडी तासीर ही थी कि शीत युद्ध की गर्मी के खिलाफ अफ्रीका और एशिया के देशों ने ठीक सत्तर साल पहले 1955 में यहां जुटान रखी और दो ध्रुवों में तब बंटी दुनिया की बजाय अपनी अलग राह चुनी। बीते 18 अप्रैल को इस शहर ने एशिया–अफ्रीकी संबंधों और आपसी सहयोग की नई नींव रखने की सतरवीं सालगिरह मनाई है। सत्तर साल पहले इस आयोजन को बांडुंग सम्मेलन कहा जाता है। इसी सम्मेलन के छह साल बाद 1 से 6 सितंबर, 1961 के बीच तत्कालीन यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी गई। बांडुंग सम्मेलन को विशेष रूप से एशियाई–अफ्रीकी सम्मेलन के नाम से जाना जाता है। यहां के एक नागरिक पोपोंग ओत्जे जुंजुनन ने चीनी समाचार एजेंसी जिन्हुआ से उस सम्मेलन को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि 1955 में जब यह ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था, तब बांडुंग आज के इंडोनेशिया से बिल्कुल अलग तरह का था। इस सम्मेलन में एशियाई–अफ्रीकी देशों ने उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद से मुक्ति की साझा भावना के साथ 29 देशों और क्षेत्रों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता एकत्रित हुए थे। जिसकी अध्यक्षता इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो ने की थी और इसमें एशिया से 23 और अफ्रीका से 6 देश शामिल थे। इस बीच इंडोनेशिया ने शिक्षा, अर्थव्यवस्था और परिवहन में प्रगति के माध्यम से पिछले सात दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसी दौरान इंडोनेशिया–चीन सहयोग के चलते जकार्ता–बांडुंग हाई–स्पीड रेलवे चल रही है। जिसकी वजह से दोनों शहरों की दूरी अब चार घंटे की बजाय महज 30 मिनट में पूरी हो जाती है। पोपोंग ने हाल ही में बांडुंग स्थित अपने घर पर शिन्हुआ को बताया, "इसी बांडुंग सम्मेलन के बाद तकरीबन सभी देशों से उपनिवेशवाद ख़त्म



हो गया है और अब एशियाई और अफ्रीकी देश आर्थिक और राजनीतिक रूप से अपना पुनर्निर्माण कर रहे हैं। वैश्विक विकास मानवीय संबंधों, विशेषकर सीमा पार संबंधों को लेकर इस सम्मेलन के देश आगे बढ़ रहे हैं। इसकी ही वजह से आज एशिया और अफ्रीका के देश नजदीक आ रहे हैं और उनकी आर्थिकी एक–दूसरे पर निर्भर करती है।

बांडुंग में इस बार सिर्फ औपचारिक आयोजन हुआ। लेकिन बांडुंग अब एशिया और अफ्रीका के घने होते रिश्तों का प्रतीक बन गया है। सम्मेलन के मुख्य सिद्धांत राजनीतिक आत्मनिर्णय, संप्रभुता के लिए परस्पर सम्मान, गैर–आक्रामकता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना और समानता थे। ये मुद्दे सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए केंद्रीय महत्व के रहे, जिनमें से अधिकांश हाल ही में औपनिवेशिक शासन से उभरे थे। इन्हीं सिद्धांतों को गुटनिरपेक्षता की नीति के मुख्य उद्देश्यों के रूप में बाद में अपनाया गया था। औपनिवेशिक डच ईस्ट इंडीज काल के दौरान बांडुंग का आधिकारिक नाम बांडोएंग था। बहरहाल "बांडुंग भावना" दक्षिण–दक्षिण सहयोग की भावना को प्रेरित करती है। इसे इस सम्मेलन के साठवीं सालगिरह पर आयोजित कार्यक्रम में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 100 से अधिक विकासशील देशों ने भाग लिया था। बांडुंग का महत्व यह है कि यहीं से एशिया और अफ्रीका के साथ लाने की पहल शुरू हुई थी। जैसे–जैसे अफ्रीका और एशिया के देश नजदीक आते जाएंगे, उनकी संस्कृतियां करीब आती जाएंगी, कारोबारी रिश्ते सुदृढ़ होते जाएंगे, वैसे–वैसे इस सम्मेलन का महत्व बढ़ता जाएगा।

# नीरज चोपड़ा को अरशद नदीम को बुलाना पड़ा भारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जैवलिन थ्रो में भारत का नाम रोशन करने वाले नीरज चोपड़ा हाल ही में अपने एक फैसले को लेकर ट्रोल हो गए। उन्होंने पाकिस्तान के जैवलिन खिलाड़ी अरशद नदीम को 24 मई से शुरू हो रहे नीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी क्लासिक) टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का निमंत्रण भेजा था। हालांकि, अरशद ने इसमें भाग लेने से इनकार कर दिया, क्योंकि वे 22 मई को कोरिया में होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। इस बीच, जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई, जिससे पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए। ऐसे माहौल में नीरज का अरशद को बुलाना लोगों को नागवार गुजरा और उन्हें सोशल मीडिया पर भारी आलोचना और नफरत भरे संदेशों का सामना करना पड़ा। इस







पर नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपना पक्ष रखते हुए कहा, "मैं आमतौर पर कम बोलता हूं, लेकिन जब बात देश और मेरे परिवार की इज्जत की होती है, तो चुप नहीं रह सकता। अरशद को मेरा बुलावा एक खिलाड़ी की ओर से दूसरे खिलाड़ी के लिए था इससे अधिक कुछ नहीं। इसका मकसद भारत में बेहतरीन एथलीटों को एक साथ लाना था।"

नीरज ने यह भी स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट में आमंत्रण पहलगाम हमले से पहले भेजा गया था और हमले के बाद अरशद की भागीदारी असंभव हो गई। उन्होंने कहा कि देश हमेशा उनकी प्राथमिकता रहेगा और वे हमले से बेहद दुखी और आहत हैं।

नीरज ने यह भी बताया कि उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। "एक साल पहले मेरी मां के विचारों की तारीफ करने वाले लोग

## ट्रोलिंग का सामना करते हुए दी अपनी सफाई

आज उसी बयान पर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। यह देखना दुखद है।" नीरज चोपड़ा भारत के सबसे सफल एथलीट्स में से एक हैं। वे टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड और पेरिस ओलंपिक 2024 में सिल्वर मेडल जीत चुके हैं।

इसके अलावा वर्ल्ड चैंपियनशिप, डायमंड लीग, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में भी उन्होंने भारत का नाम रोशन किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर है। नीरज चोपड़ा क्लासिक 24 मई से शुरू हो रहा है! भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में देश–विदेश के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों का मुकाबला देखने को मिलेगा।

# अर्धशतक जड़ते ही टी20 क्रिकेट में किया ऐसा करिश्मा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दमदार अर्धशतक लगाया है और टीम को जीत दिलाई है। उन्होंने 42 गेंदों में कुल 70 रन बनाए। विराट कोहली आईपीएल के शुरुआती फेज में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने धीरे–धीरे रफ्तार पकड़ी और अब वह लय में लौट आए हैं और उनके बल्ले से खूब रन निकल रहे हैं। वह आरसीबी की जीत में अहम भूमिका भी निभा रहे हैं। मौजूदा सीजन में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में उन्होंने बेहतरीन अर्धशतक लगाया और 70 रनों की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में अर्धशतक जड़ते



ही विराट कोहली ने इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स का टी20 क्रिकेट में वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कोहली अब टी20 क्रिकेट में एक वेन्यू पर सबसे ज्यादा अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर टी20 क्रिकेट में कुल 26 अर्धशतक लगाए हैं। दूसरी तरफ हेल्स ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर टी20 क्रिकेट में कुल 25 अर्धशतक लगाए थे। अब कोहली ने उन्हें पीछे करके ऐतिहासिक कीर्तिमान बनाया है। विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में 42 गेंदों में 70 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और दो छक्के शामिल रहे। उन्होंने अभी तक आईपीएल के मौजूदा सीजन

## विराट कोहली ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

में कुल 9 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 392 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने पांच अर्धशतक लगाए हैं। विराट कोहली साल 2008 से ही आईपीएल में खेल रहे हैं और वह इकलौते ऐसे प्लेयर हैं, जो आईपीएल के हर सीजन एक ही टीम से खेले हैं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभी तक आईपीएल के 261 मैचों में कुल 8296 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से 8 शतक और 60 अर्धशतक निकले हैं। वह एक बार क्रीज पर सेट हो गए, तो उन्हें रोकना मुश्किल हो जाता है।

# राजस्थान को जीतने होंगे बचे हुए पांचों मुकाबले

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 में एक और करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। आरसीबी के खिलाफ खेले गए मुकाबले में टीम को 11 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। यह राजस्थान की लगातार पांचवीं और कुल सातवीं हार है। इस सीजन में अब तक टीम ने 9 मुकाबले खेले हैं, जिनमें से सिर्फ दो में जीत हासिल की है। वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के नाम सिर्फ चार अंक हैं और उसका नेट रन रेट –0.625 है, जिससे वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गई है। सीजन की शुरुआत से ही टीम को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कप्तान संजू सैमसन फिट नहीं थे और शुरुआती मुकाबलों में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले। उस दौरान कप्तानी की जिम्मेदारी रियान पराग को सौंपी गई। संजू की वापसी के बावजूद टीम का प्रदर्शन नहीं सुधर सका। हालांकि टीम अभी टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुई है। उसके पास अभी भी पांच मुकाबले बाकी हैं, और यदि राजस्थान रॉयल्स यह सभी मैच जीत लेती है तो उसके 14 अंक हो सकते हैं। 14 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना कम जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। आईपीएल के इतिहास में डेक्कन चार्जर्स (2009) और चेननई सुपर किंग्स (2010) ने 14 अंकों के साथ न सिर्फ प्लेऑफ में जगह बनाई थी, बल्कि खिताब भी जीता था। आईपीएल में 10 टीमों के शामिल होने के बाद 14 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचना और भी मुश्किल हो गया है। अब राजस्थान रॉयल्स को ना सिर्फ अपने सभी मुकाबले जीतने होंगे, बल्कि अच्छे नेट रन रेट की भी दरकार होगी। साथ ही उन्हें दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। ऐसे में राजस्थान के लिए यह रास्ता किसी करिश्मे से कम नहीं होगा।

# जडेजा आज रच सकते हैं नया गेंदबाजी रिकॉर्ड?

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (उरङ) की टीम आईपीएल 2025 में 25 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एक अहम मुकाबला खेलेगी। इस मैच में स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा। अगर वह इस मुकाबले में तीन विकेट लेते हैं, तो वह सीएसकेए के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल यह रिकॉर्ड ड्वेन ब्रावो के नाम है, जिन्होंने सीएसकेए के लिए 140 विकेट लिए हैं, जबकि जडेजा के नाम 138 विकेट दर्ज हैं। रवींद्र जडेजा आईपीएल में 2008 से खेल रहे हैं और अब तक उन्होंने कुल 248 मैचों में 3108 रन बनाने के साथ–साथ 165 विकेट भी झटके हैं। वह एक भरोसेमंद ऑलराउंडर हैं, जिनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों ही मौकों पर कमाल दिखा सकती है। उनके स्पिन का जादू विरोधी बल्लेबाजों के लिए अक्सर चुनौती बनता है।

हालांकि, चेन्नई सुपर किंग्स का मौजूदा सीजन अब तक निराशाजनक रहा है। टीम ने अब तक कुल 8 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सिर्फ दो में जीत मिली है जबकि छह में हार का सामना करना पड़ा है। सिर्फ 4 अंकों के साथ सीएसकेए इस समय प्वाइंट्स टेबल में सबसे नीचे, यानी 10वें स्थान पर है। टीम का नेट रन रेट –1.392 है, जो उसकी कमजोर स्थिति को दर्शाता है। ऐसे में, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला न सिर्फ जडेजा के लिए रिकॉर्ड बनाने का अवसर होगा, बल्कि टीम के लिए वापसी की उम्मीद भी बन सकता है। यदि सीएसकेए को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना है, तो अब हर मुकाबला जीतना अनिवार्य होगा।

# 12वीं फेल एक्टर की झोली में आया बड़ा प्रोजेक्ट





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 12वीं फेल' एक्टर विक्रांत मैसी के हाथ एक पोजेक्ट लगा है। सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन की जोड़ी एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर फिल्म लेकर आ रही है। इस फिल्म की कहानी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर पर आधारित होने वाली है। 'पठान', 'वॉर' और 'फाइटर' जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद ने 'ऊंचाई' और 'नागजिला' के निर्माता महावीर जैन संग हाथ मिलाया है। दोनों ने अपनी अपकमिंग फिल्म का ऐलान कर दिया है। एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट होने वाला है जिसका नाम 'व्हाइट' रखा गया है। 'व्हाइट' एक बेहद रोमांचक वैश्विक थ्रिलर होने वाली है, जिसमें बहुमुखी अभिनेता विक्रांत मैसी प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। फिल्म की तैयारी कोलंबिया में चल रही है और इसकी शूटिंग जुलाई से शुरू होने की योजना है। यह फिल्म एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टीम को एक साथ लाकर उस प्रेरणादायक कहानी को पर्दे पर लाएगी कि कैसे कोलंबिया के 52 साल लंबे क्रूर गृहयुद्ध का अंत हुआ। ये एक ऐसा अध्याय जो आज भी दुनियाभर में बहुत कम जाना जाता है। विक्रांत मैसी के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की अटकलें तब शुरू हुईं जब उन्हें लंबे बालों और शारीरिक बदलावों के साथ देखा गया, जो उनके एक गहन आध्यात्मिक किरदार की तैयारी का संकेत दे रहे थे। '12वीं फेल' और 'द साबरमती रिपोर्ट' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए प्रशंसा पा चुके विक्रांत मैसी लगातार अपने ट्रांसफॉर्मेशन से दर्शकों को प्रभावित कर रहे हैं। 'व्हाइट' का निर्देशन प्रसिद्ध ऐड फिल्ममेकर मोंटू बासी कर रहे हैं और इसका सह–निर्माण पीसक्राफ्ट पिक्चर्स के साथ–साथ सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन कर रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद की 'व्हाइट' इस बात पर प्रकाश डालने का प्रयास करती है कि कैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान ने इतिहास के सबसे लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों में से एक को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिनेमा और कहानी कहने की कला में माहिर क्रिएटर्स की इस टीम के साथ 'व्हाइट' भारत की ओर से एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट बनने जा रही है, जो शांति और मानवता की एक अनकही कहानी को वैश्विक मंच पर लाने का कार्य करेगी

# ऐश्वर्या–प्रियंका से कम नहीं ये मिस वर्ल्ड

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड की चमक–धमक भरी दुनिया में हर चेहरा टिक नहीं पाता। कई बार बड़ी उम्मीदों के बावजूद किस्मत साथ नहीं देती। कुछ ऐसा ही हुआ मिस वर्ल्ड रह चुकीं युक्ता मुखी के साथ, जिन्होंने ऐश्वर्या राय और प्रियंका चोपड़ा की तरह ब्यूटी पेजेंट जीतकर भारत का नाम रोशन किया, लेकिन बॉलीवुड में वो मुकाम हासिल नहीं कर सकीं जिसकी सभी को उम्मीद थी। साल 1999 में जब युक्ता ने मिस वर्ल्ड का ताज अपने नाम किया, तो सभी को लगा कि वे बॉलीवुड की नई सुपरस्टार बनने वाली हैं। साल 2002 में उन्होंने आफताब शिवदासानी के साथ फिल्म प्यासा से डेब्यू किया और अपनी पहली फिल्म से ही पहचान बनाई। इसके बाद उन्होंने मार्केट, इंसाफ जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाईं। कुछ फिल्में बीच में ही बंद हो गईं और धीरे–धीरे युक्ता बॉलीवुड से दूर होती चली गईं। एक लंबे अंतराल के बाद 2019 में वह फिल्म गुड न्यूज में एक छोटी भूमिका में नजर आईं। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल की, लेकिन युक्ता फिर से लाइमलाइट में नहीं आ सकीं। उनकी निजी जिंदगी भी काफी उथल–पुथल भरी रही। साल 2008 में उन्होंने न्यूयॉर्क के बिजनेसमैन प्रिंस तुली से शादी की। शादी के कुछ समय बाद ही उनके रिश्ते में दरार आ गई। युक्ता ने अपने पति और ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने 2014 में तलाक के लिए अर्जी दी और अब अपने बेटे के साथ भारत में रह रही हैं। अब युक्ता ने ग्लैमर की दुनिया को अलविदा कहकर एक नई राह चुनी है। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही हैं और एचआईवी/एड्स, ब्रेस्ट कैंसर और थैलेसीमिया जैसी बीमारियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चला रही हैं। युक्ता की कहानी हमें यह सिखाती है कि जीवन में कितनी भी मुश्किलें क्यों न आएं, आत्मबल और सेवा की भावना से हर राह आसान की जा सकती है। युक्ता मुखी आज एक सशक्त महिला के रूप में समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी के दर्द को ताकत में बदलते हुए दूसरों की मदद का रास्ता चुना। अपने संघर्षों के बावजूद, उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अब समाज की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही हैं।

## सुविचार



बिना संघर्ष के कोई महान सफलता नहीं मिलती – अंधकार से लड़कर ही सूरज उगता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 11:45-08:28 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तरभाद्रपदा | 8:53-06:27 तक | माह | वैशाख |
| सूर्योदय | | 5:48 AM | चन्द्रोदय | 06:26 AM |
| सूर्यास्त | | 6:45 PM | चंद्रास्त | 05:20 PM |
| सूर्य राशि | | मेष राशि | चंद्र | मेष राशि |
| शुभ मुहूर्त | | अभिजीत 11:51-12:42 | ब्रहम् मुहूर्त | 04:11-04:59 |
| त्योहार/व्रत | | मास शिवरात्री | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 9:02PM–10:39PM | वार | शनिवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

**Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay**

### सावधान! आप भी तो नहीं खाते मसूर की दाल?

# मंगल ग्रह होता है कमजोर!



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अक्सर आपने सुना होगा कि हिंदू धर्म के लोग मसूर की दाल नहीं खाते हैं, लेकिन क्या आपको ये पता है कि क्यों वो इस दाल से परहेज बनाकर रखते हैं।

अगर नहीं, तो आइए जानते हैं इससे जुड़ी धार्मिक मान्यता क्या है?

जब भी भारतीय भोजन की बात आती है, तो उसमें दाल, रोटी और सब्जी का नाम जरूर आता है। ये शुद्ध शाकाहारी भोजन होता है, जो खाने में तो स्वादिष्ट लगता ही है। साथ ही सेहत के लिए भी ये नुकसानदायक नहीं होता है। हालांकि भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कुछ लोग कुछ दालों से परहेज बनाकर रखते हैं। आज हम आपको उस एक दाल के बारे में बताएंगे, जिसे धार्मिक मान्यता के अनुसार लोग नहीं खाते हैं।

भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, आमतौर पर हिंदू धर्म के लोग मसूर की दाल नहीं खाते हैं।

दरअसल, कहा जाता है कि मसूर की दाल मंगल ग्रह (ग्रहों का सेनापति) का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए जो लोग नियमित रूप से मसूर की दाल का सेवन करते हैं, उनके मन में हिंसा यानी आक्रमण का भाव विकसित होता है। इसलिए ये भी एक कारण है कि शाकाहारी लोग मसूर की दाल खाने से परहेज करते हैं।

भारतीय ज्योतिष के अनुसार, अगर लोग दिन के हिसाब से दालों का सेवन करते हैं, तो इससे उनकी कुंडली में ग्रह शांत होते हैं।

आइए जानते हैं किस दिन कौन सी दाल खाना फायदेमंद होता है।

शास्त्रों में बताया गया है कि उड़द की दाल को शनिवार के दिन बनाना और खाना चाहिए, क्योंकि ये दाल शनि ग्रह का प्रतिनिधित्व करती है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मूंग की दाल को बुधवार के दिन बनाना और खाना शुभ होता है, क्योंकि ये दाल बुध ग्रह का प्रतिनिधित्व करती है।

शास्त्र में बताया गया है कि चने की दाल को गुरुवार के दिन बनाना और खाना चाहिए, क्योंकि ये दाल बृहस्पति ग्रह का प्रतिनिधित्व करती है।

# सौभाग्य और समृद्धि के लिए ये उपाय आजमाएं



**यूनिक समय, मथुरा।** हर कोई सुख–सुविधाओं से भरा जीवन बिताना चाहता है। अपने सपनों को पूरा करने के लिए हम दिन–रात कड़ी मेहनत करके पैसा कमाते हैं। कई बार हमें अपनी मेहनत के अनुरूप फल नहीं मिलता है। इसके अलावा कई बार बेवजह धन भी खर्च हो जाता है। वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में वास्तु दोष होने पर तरक्की में बाधाएं आती हैं और धन भी नहीं टिकता है।

अगर आप भी जीवन में सौभाग्य और समृद्धि चाहते हैं तो वास्तु से जुड़ी इन छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की पूर्व या उत्तर दिशा में तुलसी का पौधा अवश्य लगाना चाहिए। ऐसा करने से मानसिक, शारीरिक और आर्थिक लाभ होता है।

गहनों को चलते-चलते कभी नहीं पहनना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से तरक्की में बाधाएं आती हैं।


पूर्व या उत्तर दिशा में गहने पहनना शुभ माना जाता है। कहते हैं कि इससे मान–प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। घर में भूलकर भी शीशा पश्चिम या दक्षिण दिशा में न लगाएं। माना जाता है कि ऐसा करने से प्रगति में बाधा आती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के चारों ओर खुला स्थान होना चाहिए। इससे धन–वैभव में बरकत होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, खराब दवाओं को रात के समय ही फेंकना चाहिए। जिससे शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर की ऊंचाई दक्षिण और पश्चिम भाग में ज्यादा और उत्तर और पूर्व भाग में कम होनी चाहिए। इससे कार्यों में जल्दी सफलता हासिल होती है।

**घरेलू वास्तु टिप्स :** मुख्य द्वार साफ और शुभ चिन्हों से युक्त रखें। जैसे: स्वास्तिक, ओम या शुभ–लाभ। घर का उत्तर–पूर्व (ईशान कोण) भाग हमेशा साफ और हल्का रखें। यहाँ मंदिर या पूजा स्थान रखें। बेडरूम में आईना बेड के सामने न रखें। यह नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ा सकता है। किचन में आग और पानी (गैस और सिंक) पास–पास न हों। इससे पारिवारिक तनाव बढ़ता है। टूटी–फूटी चीजें तुरंत हटा दें। जैसे घड़ी, शीशा या कोई मूर्ति। घर में तुलसी का पौधा उत्तर या पूर्व दिशा में लगाएं। यह सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है। फ्रिज और भारी इलेक्ट्रॉनिक सामान दक्षिण–पश्चिम दिशा में रखें। जल का स्त्रोत (जैसे फिश टैंक या फव्वारा) उत्तर या उत्तर–पूर्व में रखें।

# किस्मत बदल सकते हैं घर में लगे पर्दे, इन बातों का रखें ध्यान



**यूनिक समय, मथुरा।** वास्तु शास्त्र की मानें तो घर में रखी हुई हर चीज में एक ऊर्जा होती है। पॉजिटिव और नेगेटिव एनर्जी से वह आपके घर को प्रभावित करती हैं।

इसके अलावा इस एनर्जी का असर घर में रहने वाले सदस्यों पर भी होता है। घर में लगे हुए पर्दे यहां सुंदरता बढ़ाने में मदद करते हैं वहीं यह धूप–धूल मिट्टी से भी घर को बचाते हैं। वास्तु शास्त्र में पर्दे से जुड़े भी कुछ नियम बताए गए हैं।

**ऐसा हो पूजा घर में लगा पर्दा**

पूजा घर को घर का सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। ऐसे में यहां पर हमेशा नारंगी या फिर हल्के पीले रंग का पर्दा लगाना शुभ माना जाता है। यह दोनों ही रंग शुद्धता और पॉजिटिविटी का प्रतीक माने जाते हैं ऐसे में इन्हें घर में लगाने से पूरे घर का माहौल पॉजिटिव बना रहता है।

**ड्राइंग रूम में हो ऐसा पर्दा**

ड्राइंग रूम या फिर घर में मेहमानों के लिए यदि आप कोई कमरा बनवा रहें हैं तो बादामी या फिर क्रीम रंग का पर्दा लगाएं। मान्यताओं के मुताबिक ऐसा पर्दा लगाने से घर में सुख–समृद्धि का आगमन होता है और घर में पॉजिटिविटी भी आती है।

**बेडरूम में हो ऐसा पर्दा**

पति–पत्नी के कमरे में लाल, बैंगनी या फिर गुलाबी रंग का पर्दा लगाना शुभ माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, इससे शादीशुदा जिंदगी में एक पॉजीटिव एनर्जी आती है और उनके रिश्ते भी मजबूत होते हैं।

**स्टडी रूम में हो ऐसा पर्दा**

बच्चों के पढ़ने के कमरे में हरा, नीला या फिर गुलाबी रंग का पर्दा लगाना शुभ माना जाता है। यह दोनों ही रंग शांति और आरोग्यता का प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे में इस रंग का पर्दा स्टडी रूम में लगाने से बच्चों की एकाग्रता शक्ति बढ़ती और उनका मन भी पढ़ाई में लगता है।

**कलह–क्लेश दूर करने के लिए हो ऐसा पर्दा**

यदि आपके घर के सदस्यों में हर समय कलह–क्लेश रहता है या उनकी आपस में नहीं बनती तो घर की दक्षिण दिशा में लाल रंग का पर्दा लगाएं।


इससे परिवार के सदस्यों में प्यार भी बढ़ेगा और आपसी रिश्ते मजबूत बनने लगेंगे। इसके अलावा यदि घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहती तो नीले रंग का पर्दा लगाएं ।

**घर के मुखिया के कमरे में हो ऐसा पर्दा**

घर के मुखिया के कमरे में आप नीला, भूरा, नारंगा पर्दा लगाना शुभ माना जाता है।

मान्यताओं के अनुसार इससे उनका स्वास्थ्य अच्छा होता है और घर में पॉजिटिविटी बढ़ती है। इसके अलावा इस रंग के प्रभाव से घर के सदस्यों की भी तरक्की होने लगती है।

# इन लोगों के लिए काफी लकी होता है सफेद जरकन



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रत्न शास्त्र में हर एक रत्न के बारे में काफी विस्तार से बताया गया है। रत्न शास्त्र के मुताबिक व्यक्ति के जीवन में आने वाली कई समस्याओं को रत्न धारण करने से हल कर सकते हैं। क्योंकि इन रत्नों का संबंध ग्रह से होता है। हर एक रत्न किसी न किसी ग्रह से संबंधित होता है। वहीं हीरा को रत्नों का राजा कहा जाता है और इस रत्न का संबंध शुक्र से होता है। माना जाता है कि कुंडली में शुक्र ग्रह की स्थिति को मजबूत करने में हीरा काफी सहायक होता है।

यदि जातक हीरे को विधिवत धारण कर लें, तो व्यक्ति को सुख–समृद्धि और धन–वैभव की प्राप्ति होती है। लेकिन हीरा एक ऐसा रत्न होता है, जिसको हर कोई नहीं खरीद सकता है। ऐसे में संभव नहीं है कि हर कोई हीरा रत्न को धारण कर सके। ऐसे में आप चाहें तो हीरा का उपरत्न माना जाने वाला जरकन भी धारण कर सकते हैं।

रत्न शास्त्र के अनुसार, जरकन रत्न को धारण करने से हीरा रत्न पहनना जितना ही लाभकारी होता है। हालांकि जरकन तमाम रंगों में मिलता है। वहीं हर रंग के जरकन का अपना अलग ग्रह स्वामी होता है।

वहीं सफेद हीरे की जगह सफेद जरकन धारण करने से कुंडली में शुक्र ग्रह की स्थिति मजबूत होती है और व्यक्ति के पास पैसों की तंगी नहीं होती है।

## कभी नहीं होगी पैसों संबंधी दिक्कत

**कैसे धारण करें जरकन**

सफेद जरकन शुक्र ग्रह से संबंधित होता है। ऐसे में जो लोग कुंडली में शुक्र की स्थिति को ठीक करना चाहते हैं और जीवन में सकारात्मक प्रभाव चाहते हैं। उनको यह रत्न धारण करना चाहिए।

तुला और कर्क राशि के जातक इस रत्न को धारण कर सकते हैं।

यदि किसी जातक के विवाद में अड़चन आ रही है, तो ज्योतिष की सलाह पर इस रत्न को धारण कर सकते हैं।

अगर किसी व्यक्ति की कमाई अच्छी है, लेकिन उनके पास महीने के अंत तक एक भी पैसा नहीं बचता है, तो ऐसे लोग जरकन रत्न धारण कर सकते हैं। इस रत्न को धारण करने से आपके पास पैसा बचने लगेगा।

इस रत्न को धारण करने से शुक्र ग्रह की स्थिति अच्छी होने के साथ आर्थिक तंगी से भी छुटकारा मिलता है।

जरकन रत्न धारण करना शारीरिक और मानसिक स्थिति के लिए अच्छा माना जाता है।

**जरकन धारण करने का सरल तरीका**

बता दें कि चांदी की अंगूठी में जरकन रत्न को धारण किया जाता है। इसे धारण करने से पहले अंगूठी को दूध या गंगाजल के पानी से स्नान करायें। फिर 108 बार शुक्र ग्रह संबंधित मंत्र का जाप करें। इसके बाद इस अंगूठी को धारण कर लें।

**शुक्र मंत्र– द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः**

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025: हाईस्कूल में 90.11% और इंटरमीडिएट में 81.15% छात्र हुए पास

**यूनिक समय, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया है। हाई स्कूल में 90.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 81.15 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभापति डॉ. महेंद्र देव और सचिव भगवती सिंह तथा परीक्षा समिति के सदस्यों के साथ परीक्षा परिणाम को घोषित किया गया है। इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 54,37,233 छात्र–छात्राएं पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की संख्या 27,32,216 तथा इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों की संख्या 27,05,017 है। हाईस्कूल में 14,49,736 छात्र तथा 12,82,458 छात्राएं पंजीकृत हैं। इंटरमीडिएट में 14,58,983 छात्र तथा 12,46,024




छात्राएं पंजीकृत थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दिनांक 24 फरवरी, 2025 से 12 मार्च, 2025 के मध्य सम्पन्न हुईं। इस वर्ष यूपी बोर्ड द्वारा कुल 8,140 परीक्षा केन्द्रों पर 13 कार्य दिवसों में परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 मार्च, 2025 से 2 अप्रैल, 2025 के मध्य निर्धारित कुल 261 मूल्यांकन केंद्रों पर सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद

## मेधावी छात्र–छात्राओं को सीएम योगी ने दी हार्दिक बधाई

की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र–छात्राओं को हार्दिक बधाई। आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि आपके अभिभावक एवं गुरुजनों को गौरवान्वित करने वाली है। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं। एक अन्य पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा, "विद्यार्थियों, विफलता निराशा का आधार नहीं होना चाहिए, यह आत्म–मूल्यांकन का एक अवसर देती है। निराश न हों, फिर से प्रयास करें। सफलता आपकी राह देख रही है।"

'मजहबी शिक्षा केंद्र बनकर न रह जाएं मदरसे, इनमें बड़े बदलाव की जरूरत'

# सीएम योगी ने बनाई विशेष समिति

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में मदरसों की हालत पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मदरसे सिर्फ मजहबी शिक्षा का केंद्र बनकर न रह जाएं। इससे बचने के लिए मदरसा शिक्षा में बड़े बदलाव की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने विशेष समिति का गठन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मदरसों के संबंध में प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मदरसों को मान्यता देने से पहले कड़ाई से यह सुनिश्चित कराया जाना चाहिए कि वहां अवस्थापना सम्बन्धी मानकों का अनुपालन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसा शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत है।



इसके साथ ही उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक की अध्यक्षता में विशेष समिति गठित की। उत्तर प्रदेश में 13,329 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित, जिनमें 12,35,400 छात्र–छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने कहा कि मदरसे महज मजहबी शिक्षा केंद्र बनकर न रह जाएं। आधुनिक शिक्षा के हर आयाम से मदरसा विद्यार्थी लाभान्वित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुधार नहीं, बल्कि नवाचार और समावेशिता के माध्यम से मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है। इस दौरान उन्होंने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की संख्या में गिरावट पर भी चिंता जाहिर की। योगी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या में लगातार गिरावट विचारणीय है।

# कौशाम्बी में फांसी के फंदे पर एक ही दुपट्टे से लटका मिला प्रेमी युगल का शव



**यूनिक समय, कौशाम्बी।** यूपी के कौशाम्बी जिले में पशुबाड़े में प्रेमी युगल का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह लोगों ने प्रेमी युगल का शव फंदे से लटकता देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर सीओ सहित तमाम पुलिस फोर्स मौक पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गईं है। प्रारंभिक जांच में प्रेमी–प्रेमिका द्वारा सुसाइड की आशंका जाहिर की जा रही है।

घटना चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव की है। जहां भूसे वाले कमरे के अंदर एक ही दुपट्टे से युवक रंजीत और युवती सरिता का शव लटकता हुआ मिला है। कुछ दिन पूर्व ही राजस्थान से युवक वापस लौटा था। लोगों में चर्चा है कि अगले महीने युवती की शादी होने वाली थी। शादी को लेकर दोनों चिंतित रह रहे थे। चर्चा है कि एक दूसरे के नहीं हुए तो प्रेमी युगल ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

सीओ चायल सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि भूसे के कमरे में युवक और युवती का फंदे से लटकता हुआ शव मिला है। मौके पर पुलिस फोर्स और

## अगले महीने युवती की होने वाली थी शादी

फोरेंसिक टीम मौजूद है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, फांसी लगाने वाले युवक और युवती आपस में प्रेम करते थे। दोनों आपस में शादी करना चाहते थे। बताया जा रहा है कि युवती के परिजन नहीं चाहते थे कि दोनों की शादी हो। इसलिए लड़की का विवाह कहीं और तय कर दिया। लड़की की शादी अगले महीने मई में होने वाली थी।

बता दें कि कौशाम्बी के सिराथू में इसी महीने 16 वर्षीय एक लड़की ने अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। पुलिस के अनुसार, मृतक हाईस्कूल की छात्रा थी। लड़की ने घर के अंदर छत में लगे हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खेत से लौटने पर लड़की की मां ने नाबालिग का शव देखा और ग्रामीणों व पुलिस को सूचना दी।

# बर्तन चमकाने के बहाने ठगों ने लूटे लाखों के आभूषण



**यूनिक समय, बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में बेल्थरा रोड के चंदायर कला गांव में शुक्रवार को एक परिवार ठगी का शिकार हो गया। दो युवक ने मुफ्त में बर्तन चमकाने का लालच देकर लाखों रुपये के गहने लेकर चंपत हो गए। सुनील कन्नौजिया के घर एक युवक पहुंचा और चांदी की पायल चमकाकर परिवार का भरोसा जीत लिया।

युवक ने सोने के गहनों को चमकाने का दावा किया और कहा कि हल्दी और एक खास रसायन से गहने नए जैसे हो जाएंगे। परिवार ने उसकी बात मानकर मां और भाभी उषा कन्नौजिया के सोने के आभूषण एक बर्तन में रख दिए।

बर्तन में हल्दी डालकर उसे गैस पर चढ़ाया गया। इसी बीच युवक बाहर निकला और अपने साथी, जो बाइक पर इंतजार कर रहा था, के साथ फरार हो गया। बर्तन खोलने पर परिवार को सिर्फ

## बलिया में चोरी और ठगी की वारदात बढ़ीं, पुलिस कर रही जांच

हल्दी मिली, जबकि सोने की चेन और झुमके गायब थे।

परिवार के मुताबिक, एक ठग काले छींटेदार कपड़े में था, जबकि दूसरा सफेद कपड़ों में। दोनों के माथे पर तिलक लगा था। घटना के बाद परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने ठगों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

बताया जा रहा है कि चार दिन पहले पूर पकड़ी में दो महिलाओं से बस स्टैंड के पास लाखों के गहने और 8 हजार रुपये की ठगी हुई थी। इसके अलावा, एक अन्य महिला की सोने की चेन भी छीनी गई थी। इलाके में बढ़ती ठगी और चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।

# बुलंदशहर में कार सवारों ने राहगीरों को रौंदा, पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**यूनिक समय, बुलंदशहर।** बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र के गाँव सुनहेरा में बीते 21 अप्रैल की रात दबंगो ने अपनी काले रंग की कार से दलित समाज के 4 लोगों को कुचल दिया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में इस्तेमाल की गई काले रंग की थार गाड़ी भी बरामद कर ली है। इस घटना में एक शीला नाम की महिला की मौत हो गई थी, जबकि 2 महिला व 1 पुरुष को गंभीर हालात में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

ग्रामीणों के मुताबिक, ठाकुर समाज के युवक देर रात तेज रफ्तार में कार लेकर जा रहे थे जिस पर ग्रामीणों ऐतराज जताया था। इसके बाद उन्होंने गली गलौच करते हुए जाति सूचक शब्द कहे और धमकी देते हुए चले गए। कुछ देर बाद दबंग अपनी काले रंग की थार कार में लौटकर वापस आये और घर के बाहर खड़े लोगो को जान से मारने की नियत से गाड़ी चढ़ा दी।

दबंग यही नही रुके दबंगो ने कार से लोगो को दो तीन बार रौंदा। इसमें शीला नाम की वृद्ध महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गम्भीर घायल हो गए। वही घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमे काले रंग की थार कार लोगो को रौंदते हुए दिखाई दे रही है। घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि से गाँव मे भारी पुलिस बल तैनात किया गया, इसके लिए कई थानों से बल बुलाया गया।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित से मिली तहरीर के आधार पर 6 आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया था। कोतवाली देहात पुलिस ने 4 आरोपी प्रयानशू ,अतुल, मानव और कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में इस्तेमाल की गई काले रंग की थार गाड़ी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

एसपी ने यह भी बताया कि पूर्व में इन लोगों के द्वारा शराब पीकर बदतमीजी करने और अभद्रता करने के मामले में चौकी प्रभारी और चौकीदार के द्वारा समय से सूचना नहीं दी गई थी। इस संबंध में चौकी इंचार्ज और चौकीदार काफी स्पष्टीकरण लिया जा रहा है।

# शामली में यूपी पुलिस के दरोगा के घर चोरी, जेवरात, नकदी और राइफल की मैगजीन लेकर फरार हुए चोर

**यूनिक समय, शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली जनपद में चोरों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है। बेखौफ चोरों ने पुलिस के एक दरोगा के घर को ही निशाना बना डाला। अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने–चांदी के जेवरात, नकदी और एक लाइसेंसी राइफल की खाली मैगजीन चोरी कर ली। वारदात की जानकारी परिजनों को सुबह हुई, जब उन्होंने घर का सामान बिखरा हुआ पाया।

घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहावड़ी का है, जहां देर रात यूपी पुलिस में तैनात दरोगा अंकुर मलिक के घर अज्ञात चोर दाखिल हुए और लाखों रुपये की चोरी को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि बुधवार रात अचानक बिजली चली गई थी और इनवर्टर डाउन न हो जाए, इस आशंका से घर के सभी सदस्य एक ही कमरे में सोने चले गए। इसी दौरान चोर घर में दाखिल



हो गए और सीधे दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे की अलमारी को निशाना बनाया। अलमारी में रखे गए करीब 65 हजार रुपये नकद, 35–40 तोले चांदी और लगभग 5 तोले सोने के आभूषण चोरों ने चुरा लिए। इतना ही नहीं, घर में रखी लाइसेंसी राइफल की खाली मैगजीन भी चोर अपने साथ ले गए।

सुबह जब घर के लोग जगे और ऊपर के कमरे में पहुंचे तो अलमारी का सामान अस्त–व्यस्त देखकर उनके होश उड़ गए। परिजनों को तुरंत समझ में आ गया कि उनके घर में चोरी हो गई है। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार से पूरी जानकारी लेकर जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब एक पुलिसकर्मी के घर पर चोरी हो सकती है, तो आम आदमी की सुरक्षा का क्या होगा?

## सार संक्षेप

### दिल्ली में गर्मी का प्रकोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में लू की स्थिति बनी हुई है, जिसमें बिहार और ओडिशा में तापमान 40–44डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

### विश्व मलेरिया दिवस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आज विश्व मलेरिया दिवस मनाया जा रहा है, जिसमें मलेरिया के खिलाफ जागरूकता और रोकथाम पर जोर दिया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मलेरिया को समाप्त करने के लिए एक नया अभियान शुरू किया है, जिसमें मलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई गई है।

### दक्षिण कोरिया में जंगल की आग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया में जंगल की आग के कारण 32 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें एक फायरफाइटिंग हेलीकॉप्टर दुर्घटना भी शामिल है।

### जम्मू–कश्मीर में नई आतंकवादी गतिविधियाँ

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा बलों ने एक बड़े आतंकवादी संगठन का पर्दाफाश किया है, जिसमें कई संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है।

### गुजरात में उद्योगों के लिए नई नीति

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गुजरात सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक नई नीति का ऐलान किया है, जिसमें निवेशकों को कई तरह की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### पाकिस्तान में आर्थिक संकट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के कारण लोग सड़कों पर उतर आए हैं। सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सहायता की अपील की है।

### अमेरिका–चीन तनाव

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक संबंधों में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों के व्यापार मंत्री एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

### ब्रिटेन में चुनावी हलचल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ब्रिटेन में आगामी आम चुनावों के लिए राजनीतिक दलों ने अपने प्रचार अभियान तेज कर दिए हैं। जनता का ध्यान बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर है।

### थाईलैंड में पुलिस विमान दुर्घटना ग्रस्त: 5 की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** थाईलैंड के एक लोकप्रिय बीच टाउन के पास एक थाई पुलिस विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। विमान में कुल 6 लोग सवार थे। स्थानीय अधिकारियों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### रक्षा मंत्री बोले– अमेरिका के कहने पर 30 साल से यह गंदा काम कर रहे

# पाकिस्तान ने आतंकियों को ट्रेनिंग देने की बात कबूली



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना है कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह 'गंदा काम' कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्तियों ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया।

ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा– अगर हम सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता। आसिफ बोले– दोनों देश परमाणु शक्ति, दुनिया को चिंतित होना चाहिए। पहलगाम मामले को लेकर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत–पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ विवाद दोनों देशों के बीच बड़े जंग का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जो भी करेगा, पाकिस्तान उसका जवाब देगा। अगर चीजें गलत हुईं तो इस टकराव का असर खतरनाक हो सकता है। पाक रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत दोषी है। यदि भारत हमारे खिलाफ कोई एक्शन लेता है, तो पाकिस्तान उसका उसी तरह जवाब देगा। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के पास जवाब देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया को चिंतित होना चाहिए क्योंकि दोनों ही देशों के पास परमाणु हथियार हैं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश बातचीत के जरिए इस मुद्दे को सुलझा लेंगे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट को लेकर पूछे गए सवाल पर आसिफ ने कहा कि उन्होंने कभी इसका नाम भी नहीं सुना है। जब एंकर ने उन्हें याद दिलाया कि टीआरएफ लश्कर–ऐ–तैयबा का हिस्सा है तो उन्होंने कहा– लश्कर अब पुराना हो चुका है। इसका अब कोई अस्तित्व नहीं है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम हमले के आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा है। डार ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा– हमें तो शुक्रगुजार होना चाहिए कि ये फ्रीडम फाइटर्स भी हो सकते हैं। हालांकि हम नहीं जानते कि ये कौन हैं। मुझे लगता है कि ये अपनी नाकामी और अपनी घरेलू राजनीति के लिए पाकिस्तान पर इल्जाम लगा रहे हैं। इशाक डार पाकिस्तान के उप–प्रधानमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत के पास इस हमले में पाकिस्तान के शामिल होने का कोई सबूत है तो इसे दुनिया के सामने पेश करें। डार ने कहा कि भारत बार–बार पाकिस्तान पर ऐसी घटनाओं का आरोप लगाता रहा है। इस बार भी भारत ने वही खेल खेला है। डार ने कहा कि इन हालात को देखते हुए मैंने बांग्लादेश और अफगानिस्तान की अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं, ताकि हम कूटनीतिक प्रतिक्रिया तैयार कर सकें। भारत की बढ़ती आक्रामकता को लेकर विदेश मंत्री डार ने कहा कि पाकिस्तान भी भारत की तरह कदम उठाएगा।

पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि अगर कोई भी दुस्साहस करने की कोशिश करता है तो पाकिस्तान की सेना ऐसी चुनौती का जवाब देने के लिए तैयार है। डार ने कहा कि वे पहले भी कोशिश कर चुके हैं और फेल रहे हैं। इसलिए इस बार उनके लिए यह और भी बुरा होगा। डार ने सिंधु जल समझौता रद्द करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि यह जंग के समान है। उन्होंने कहा– पाकिस्तान में 24 करोड़ लोगों को पानी की जरूरत है। आप इसे रोक नहीं सकते। इस पर अगर भारत पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो यह जंग के समान माना जाएगा।

## प्रेम जाल और ब्लैकमेलिंग!

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल से बेहद ही हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है जिसने सालों पुराने अजमेर कांड की यादें ताज़ा कर दी है। भोपाल के एक कॉलेज के छात्रों और पूर्व छात्रों ने गैंग बनाकर एक के बाद एक कई युवतियों से रेप किया है। कई युवतियों ने बदनामी के डर से मामला दर्ज नहीं करवाया लेकिन बागसेवनिया पुलिस थाने में एक युवती ने जब हिम्मत कर केस दर्ज करवाया तो अन्य लड़कियों की भी हिम्मत खुली और अब तक 3 युवतियां सामने आ चुकी हैं। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों फराज खान और साहिल खान को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी का गठन कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक मामला रायसेन रोड स्थित एक निजी कॉलेज का है जहां हिंदू लड़कियों को पहले प्रेम जाल में फंसाया गया और फिर उनके साथ संबंध बनाने का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप है। यही नहीं, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवतियों पर दबाव बनाया गया कि वो अपनी सहेलियों या परचित लड़कियों को भी लड़कों से मिलवाकर दोस्ती करवाएं और बाद में उन युवतियों के साथ भी दुष्कर्म किया गया। सभी आरोपी युवक धर्म विशेष से ताल्लुक रखते हैं जबकि पीड़ित सभी लड़कियां हिंदू है।

बागसेवनिया थाने में इस बाबत 16 अप्रैल को पहली एफआईआर दर्ज हुई जब युवती ने पुलिस को बताया कि पहले उसके साथ फराज खान नाम के युवक ने हिंदू नाम बताकर प्रेमजाल में फंसाया और संबंध बनाये। इसी दौरान वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हुआ और तब पता चला कि उसका असली नाम फराज है। आरोपी ने पीड़िता को दो अन्य युवकों से भी मिलवाया जिन्होंने बारी–बारी उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद इसी कॉलेज की 2 अन्य छात्राओं ने भी इसी तरह की घटना खुद के साथ घटित होने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करवाई तो मामले का गंभीरता का खुलासा हुआ।

शिकायत के आधार पर दुष्कर्म की धाराओं के साथ पोक्सो के तहत भी केस दर्ज किया गया है क्योंकि इनमें से एक युवती घटना के समय नाबालिग थी। वहीं शिकायत में धार्मिक पहचान छिपाकर संबंध बनाने की बात भी सामने आयी है इसलिए धर्म स्वातंत्र अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया गया है।

## पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को: विश्व नेता रोम में एकत्रित



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को वेटिकन के सेंट पीटर स्कवायर में होगा। इसके लिए शुक्रवार से विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष रोम पहुंचने लगेंगे। पोप के अंतिम संस्कार में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समेत कई राष्ट्राध्यक्ष पहुंच रहे हैं। पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शुक्रवार शाम को पोप फ्रांसिस के ताबूत को अंतिम संस्कार के लिए सील कर दिया जाएगा। वेटिकन ने कहा कि अंतिम संस्कार में 130 प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की पुष्टि हुई है। इसमें 50 राज्य प्रमुख और 10 शासक शामिल हैं। एमानुएला बिस्को ने फ्रांसिस को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए काम से छुट्टी ली। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस भूले–बिसरे लोगों के पोप थे, जो सबसे सरल लोगों, बेघर लोगों के करीब थे जिन्हें दूर नहीं किया गया था। मुझे उम्मीद है कि अगला पोप उनके स्तर का होगा और उनके संघर्ष, उनके खुलेपन, उनके द्वारा किए गए हर काम को जारी रखेगा।

नए पोप को चुनने के लिए नौ दिनों के सार्वजनिक शोक के बाद पांच मई के बाद चर्चा शुरू होगी। जबकि अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए तमाम कार्डिनल भी रोम पहुंच रहे हैं। सप्ताहांत के लिए ब्रेक लेने से पहले वे शुक्रवार को फिर से मिलेंगे। इतालवी कार्डिनल फर्नांडो फिलोनी ने कहा कि हम तैयारी कर रहे हैं, लेकिन हमने अभी भी अधिक गहन चरण में प्रवेश नहीं किया है। हम संगठनात्मक चरण में हैं। वेटिकन ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों का एक समूह शनिवार को दफनाने के लिए सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में पहुंचने पर पोप के ताबूत से मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि देगा। कब्र को बेसिलिका के भीतर एक लकड़ी के अवरोध के पीछे तैयार किया जा रहा है। वेटिकन द्वारा जारी की गई तस्वीरों में संगमरमर का मकबरा फुटपाथ पर सपाट रखा हुआ दिखाई दे रहा है, जिस पर लैटिन में कुछ लिखा है। पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया ट्रंप, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और प्रथम महिला ओलेना ज़ेलेंस्की, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटिश प्रधान मंत्री कीर स्टार्मर, प्रिंस विलियम, स्पेन के राजा फेलिप श्क और रानी लेटिज़िया, हंगरी के राष्ट्रपति विक्टर ओर्बन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा आदि शामिल होंगे।

## पत्नी की तीसरी शादी से तिलमिलाया दूसरा पति, दर्दनाक अंजाम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या उसके पूर्व पति ने की थी। हालांकि हत्या के बाद जब पुलिस पूर्व पति तक पहुंची। उसने नोएडा में एक अपार्टमेंट की 23वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। बहरहाल पुलिस अभी इस मामले की जांच कर रही है। पटपड़गंज क्षेत्र में महिला अपने तीसरे पति के साथ किराए के मकान में रहती थी। उसकी पहले पति से एक चार साल की बेटी भी है। बताया जा रहा है कि संदीप ने महिला से करीब दो साल पहले प्रेम विवाह किया था। इसके बाद दोनों में तलाक हो गया और महिला ने तीसरी शादी कर ली। इसके साथ ही संदीप पर छेड़छाड़ का मुकदमा भी दर्ज कराया था। इसी के चलते संदीप ने उसकी हत्या कर दी। डीसीपी (पूर्वी दिल्ली) अभिषेक धानिया ने बताया "पुलिस को पीसीआर कॉल पर सूचना मिली कि पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज गांव में एक फ्लैट में आग लगी है। अंदर एक महिला मौजूद है। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची तो कमरे के फर्श पर एक महिला का शव जली हुई हालत में मिला। उसकी पहचान 27 साल की प्रियंका के रूप में हुई। शुरुआती मेडिकल जांच में महिला के पेट और छाती में चाकू घोंपने के कुल चार घाव मिले। इसमें पेट पर एक घाव और छाती पर तीन घाव थे।" डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने गंभीर महिला पर चाकू से हमला करने के बाद उसे जलाया गया था। पुलिस ने अधजली हालत में महिला को एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में पता चला कि महिला अपने तीसरे पति अरुण के साथ किराये पर रहती थी। इसके बाद महिला के पति अरुण की शिकायत पर पांडव नगर थाने में हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। गली में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो महिला का पूर्व दूसरा पति संदीप भागता हुआ नजर आया। संदीप ने भी नोएडा में एक अपार्टमेंट की 23वीं मंजिल से कूदकर बृहस्पतिवार को खुदकुशी कर ली।






स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053